UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318


# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-169 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) सोमवार 01 जून 2026 | youngbharatE-paper.com


# 'गड़बड़ी की तो अगले चौराहे पर यमराज मिलेंगे'; सीएम योगी ने बकरीद से पहले ही दी थी चेतावनी, असद नहीं माना



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक



( यंग भारत न्यूज )

**गाजियाबाद।** प्रदेश के गाजियाबाद में सूर्य चौहान की हत्या मामले ने जबरदस्त हलचल पैदा कर दी है। इस मामले में मुख्य आरोपी असद का पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया है। इसके बाद सीएम योगी आदित्यनाथ का बकरीद से पहले का एक बयान खासी चर्चा में है।

बकरीद के मौके पर उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ की ओर से सख्त निर्देश जारी किए गए थे। खुले में नमाज पढ़ने और सार्वजनिक स्थल पर पशुओं की कुर्बानी देने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया था। सीएम योगी ने इससे पहले महिलाओं की सुरक्षा के मामले पर यमराज वाला बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि बेटियों के साथ छेड़खानी और व्यापारियों के खिलाफ अपराध करने वालों को यह सोचना चाहिए कि अगले चौराहे पर यमराज इंतजार कर रहे होंगे। असद ने सीएम योगी की बात नहीं मानी। सूर्या चौहान की हत्या के बाद से लगातार मामले में एक्शन की मांग हो रही थी। सूर्या की मां और भाई लगातार इस मामले में मुख्य आरोपी असद के एनकाउंटर की मांग कर रहे थे। इस बीच गाजियाबाद पुलिस ने कांड के मुख्य आरोपी असद को ढेर कर दिया। 17 वर्षीय छात्र सूर्य प्रताप चौहान उर्फ सूर्या के हत्यारों पर लगातार एक्शन जारी है। गाजियाबाद पुलिस की ओर से असद पर 50,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। 28 मई को 17 वर्षीय किशोर पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। उसकी मौत हो गई थी। सूर्या की मौत के बाद से सीएम योगी आदित्यनाथ सरकार के कड़े निर्देश के बाद भी हत्याकांड को अंजाम दिए जाने को लेकर चर्चा गरमाई। मामले में खोड़ा पुलिस पर भी सवाल खड़े हुए। हालांकि, मामले में सरकार की ओर से अपराधियों के खिलाफ सख्त एक्शन के निर्देश पहले ही जारी किए गए थे। ऐसे में पुलिस लगातार एक्शन में दिखी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुंडे और माफियाओं को पिछले दिनों लगातार एक संदेश दिया है, अगर अपराध करोगे तो कार्रवाई के लिए भी तैयार रहना होगा। सीएम योगी ने लखनऊ से लेकर मऊ तक के कार्यक्रमों के दौरान साफ तौर पर कहा कि प्रदेश में आज कोई बेटी की सुरक्षा में सेंध नहीं लगा सकता है। प्रदेश में आज कोई व्यापारी से जबरन गुंडा टैक्स नहीं ले सकता है। प्रदेश में बेटियां नाइट शिफ्ट में काम कर रही हैं। अगर कोई गुंडा बेटियों को छेड़ने का प्रयास करता है, तो अगले चौराहे पर यमराज उसका टिकट काटने के लिए बैठे रहते हैं। यही बात उन्होंने अपराध करने वालों को भी कही थी। हालांकि, बकरीद के दिन सुनियोजित साजिश रचते हुए जिस प्रकार से असद ने अपने साथियों के साथ मिलकर सूर्या को मार डाला। यह एक प्रकार से सीएम योगी आदित्यनाथ की लगातार अपील को नजरअंदाज किए जाने के तौर पर देखा गया। अब इस मामले में योगी सरकार का सख्त एक्शन सामने आया है। असद के एनकाउंटर के बाद समाजवादी पार्टी की ओर से सवाल खड़े किए जा रहे हैं। हालांकि, 17 वर्षीय किशोर की हत्या मामले में आरोपी के एनकाउंटर के बाद पीड़ित परिवार संतोष जता रहा है। सूर्या चौहान की हत्या मामले में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का बड़ा बयान आया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने सूर्या के हत्यारों को गिरफ्तार किया था। जवाबी कार्रवाई में मुख्य आरोपी मारा गया। डिप्टी सीएम ने कहा कि इस हत्याकांड और अपराध में शामिल हत्यारों एवं अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सीएम योगी ने इस मामले में सख्त कार्रवाई के आदेश दिए थे।

# यूपी में 2027 के कांटे हटाने के लिए क्या कर रही बीजेपी? धीरे-धीरे बुन रही जीत का रोडमैप

( यंग भारत न्यूज )

केंद्र सरकार की सत्ता का रास्ता जिस उत्तर प्रदेश से होकर जाता है, वहां अगले साल 2027 में विधानसभा के चुनाव होने हैं. देश में सबसे अधिक आबादी और लोकसभा में सर्वाधिक 80 सीटों वाले यूपी की सियासत का मूड भांपना आसान नहीं होता. राज्य की जनता लॉ एंड ऑर्डर दुरुस्त रखने और सुशासन के नाम पर बीते 10 सालों से बीजेपी को पूर्ण और प्रचंड बहुमत के साथ निष्कंटक शासन चलाने का मौका दे रही है. साल 2025 में बिहार, 2026 में बंगाल फतह करने वाली बीजेपी के चुनावी रणनीतिकारों और मशीनरी का पूरा अमला 2027 में यूपी में चुनावी जीत की हैट्रिक लगवाने के लिए प्रदेश में पहुंच चुका है.

बीजेपी सूत्रों के मुताबिक पार्टी 2023 मे योगी आदित्यनाथ की सरकार का शपथ ग्रहण होते ही जनता के वादों को पूरा करने के लिए मिशन मोड में आ गई थी. उसी मोमेंटम को बनाए रखने के जो प्रयास शुरू हुए थे, वो आज चार साल बाद भी जारी हैं. मई 2022 से मई 2026 तक अपराधियों के लिए जीरो टॉलरेंस पॉलिसी पर चल रही यूपी की सरकार के मंत्रियों और अन्य नेताओं का मानना है कि सुशासन और सुरक्षा के नाम पर प्रदेश की जनता 2027 में भी भारतीय जनता पार्टी को जीत का आशीर्वाद देकर भाजपा के उम्मीदवारों का विजय तिलक करेगी. उत्तर प्रदेश की जीत का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है, क्योंकि आगे 2029 में लोकसभा



चुनाव होने हैं. लिहाज भारतीय जनता पार्टी की जीत राष्ट्रीय राजनीति पर आगे बड़ा असर डाल सकती है. बीजेपी यूपी में अपना प्रदेश अध्यक्ष को बदल चुकी है. वहीं आगामी विधानसभा चुनावों में विकास की राजनीति के इतर जातीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यूपी सरकार में मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया. कुल मिलाकर जातीय समीकरण साधे जा चुके हैं. लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने की तैयारी कर रहे सीएम योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और समाजवादी पार्टी से बगावत कर आए मनोज पांडेय को कैबिनेट मंत्री बनाया है. वहीं कैलाश राजपूत, हंसराज विश्वकर्मा, कृष्णा पासवान और सुरेंद्र दिलेर को राज्य मंत्री बनाया गया है. इसके अलावा अजीत सिंह पाल और सोमेंद्र तोमर को स्वतंत्र प्रभार के साथ राज्य मंत्री का दर्जा दिया गया है. नए मंत्रियों की बात करें तो भूपेंद्र चौधरी, हंसराज विश्वकर्मा और कैलाश राजपूत अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी समुदाय से आते हैं. सोमेंद्र तोमर प्रभावशाली समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं. अजीत सिंह पाल पाल समाज से आते हैं, जिनकी कानपुर-आगरा क्षेत्र में अच्छी खासी तादात है. मनोज पांडेय ब्राह्मण समाज से आते हैं. सियासी जानकारों का मानना है कि ये पूरा फेरबदल सपा के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) वाले नैरेटिव को काउंटर करने की रणनीति का हिस्सा है. अखिलेश यादव की यह रणनीति 2024 लोकसभा चुनाव में काफी प्रभावी रही थी. इसके चलते सपा ने यूपी की 80 में से 37 सीटें जीतीं, जबकि बीजेपी 33 सीटों पर सिमट गई और अकेले अपने दम पर बहुमत से 32 सीटें पीछे रह गई. जबकि 2019 के संसदीय चुनावों में बीजेपी ने 62 और 2014 के आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने यूपी की 80 में से 71 सीटें अकेले अपने दम पर जीती थीं और दो सीटें उसकी सहयोगी अपना दल को मिली थीं. तब कांग्रेस और बसपा शून्य हो गई थीं. वहीं समाजवादी पार्टी के प्रमुख यादव परिवार के सदस्यों ने जैसे-तैसे अपनी-अपनी सीटें जीतकर समाजवादी पार्टी की लाज बचाई थी. दिसंबर 2025 में बीजेपी ने केंद्रीय मंत्री और सांसद पंकज चौधरी को उत्तर प्रदेश बीजेपी का अध्यक्ष बनाया. वह भी ओबीसी वर्ग के कुर्मी समुदाय से आते हैं. यादवों के बाद कुर्मी उत्तर प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा ओबीसी समुदाय माना जाता है. 2022 विधानसभा चुनाव में सबसे अधिक कुर्मी विधायक बीजेपी के टिकट पर जीतकर आए थे.

# भाभी ने ठुकराया शादी का ऑफर, तो राक्षस बन गया कामांध देवर, 1.5 साल के मासूम को लगाई सड़क पर 8 बार धोबी पछाड़

- नन्ही सी जान के उड़ गए चीथड़े
- पुलिस ने मुठभेड़ में पैर में मेरी गोली और कर लिया गिरफ्तार
- शहरवासी कर रहे हैं फुल एनकाउंटर की मांग




( यंग भारत न्यूज )

**फिरोजाबाद।** प्रदेश के फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद कस्बे से एक ऐसा खौफनाक और दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जिसने इंसानियत को शर्मसार कर दिया है. यहाँ यादव कॉलोनी में एक सिरफिरे युवक ने रिश्ते की भाभी द्वारा शादी का प्रस्ताव ठुकराने से नाराज होकर उनके डेढ़ साल के मासूम बच्चे आरव की सड़क पर पटक-पटककर बेरहमी से हत्या कर दी.

इस रोंगटे खड़े कर देने वाली वारदात का एक 34 सेकंड का सीसीटीवी (ष्टष्टञ्जङ्क) फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर फॉरेंसिक टीम और पुलिस अधिकारियों के भी होश उड़ गए. यह दर्दनाक वाकया शनिवार दोपहर का है. पीड़ित महिला रती अपनी मां पिंकी देवी के साथ अपने पति पर केस दर्ज कराने के सिलसिले में कानूनी राय लेने शिकोहाबाद आई हुई थीं. अधिवक्ता से मिलने का समय शाम का होने के कारण वे यादव कॉलोनी स्थित अपनी मां की सहेली पुष्पलता के घर पर रुकी हुई थीं. इसी दौरान आरोपी विराज उर्फ जितेंद्र पाठक (निवासी शेखूपुर, बदायूं) भी मोबाइल लोकेशन लेकर वहां पहुंच गया. उसने वहाँ रती पर अपने पति को तलाक देकर खुद से शादी करने का भारी दबाव बनाया. जब मां-बेटी ने उसके इस नाजायज प्रस्ताव को साफ तौर पर ठुकरा दिया, तो आरोपी गुस्से से पागल हो गया. वह घर के बाहर खेल रहे डेढ़ साल के मासूम आरव को टॉफी दिलाने के बहाने अपनी गोद में उठाकर करीब 50 मीटर दूर सुनसान सड़क पर ले गया. दोपहर करीब ढाई बजे जब सड़कें सुनसान थीं, तब आरोपी ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं. वायरल सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि सिरफिरा युवक मासूम आरव को हवा में उछालकर सड़क पर पत्थरों की तरह बेरहमी से पटक रहा था. उसने एक के बाद एक लगातार 8 बार मासूम को जमीन पर पटका. इसके बाद वह बच्चे के शव को घर के गेट पर छोड़कर मौके से फरार हो गया.जब काफी देर तक बच्चा वापस नहीं आया, तो मां गेट पर गई, जहां मासूम का शव लहूलुहान हालत में पड़ा था. शोर मचने पर मोहल्ले के लोग इकट्ठा हुए और सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया. वीडियो में दिख रही हैवानियत को देखकर मौके पर मौजूद महिलाओं और परिजनों की चीख निकल गई और कई लोग फूट-फूटकर रोने लगे. बच्चे की नानी की तहरीर पर पुलिस ने तुरंत प्राथमिकी (स्नढ्ढक्र) दर्ज कर आरोपी की तलाश के लिए जाल बिछाया. शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे भुड़ा भरतरा रोड पर पुलिस का आरोपी विराज उर्फ जितेंद्र से आमना-सामना हो गया. खुद को घिरा देख आरोपी ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी. पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें पुलिस की गोलियां आरोपी के दोनों पैरों में जा लगीं. गोली लगते ही आरोपी जमीन पर गिर पड़ा, जिसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया. उसे इलाज के लिए तत्काल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. अपर पुलिस अधीक्षक सिटी रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से एक .315 बोर का अवैध तमंचा, पांच जिंदा कारतूस और दो खोखे बरामद किए गए हैं. अस्पताल में पूछताछ के दौरान आरोपी विराज ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है. आरोपी शिकोहाबाद क्षेत्र में ही एक किराने की दुकान चलाता है.

उसने पुलिस को बताया कि उसका बच्चे की मां के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था और वह बच्चे को अपने रास्ते का कांटा समझता था, जिसके कारण उसने इस भयानक वारदात को अंजाम दिया. फिलहाल पुलिस इस मामले के सभी कानूनी और सामाजिक पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है.

# भूजल के संरक्षण की बातें सिर्फ मीटिंगों में, अंधाधुंध बोरिंगों से गिर रहा जलस्तर

## 500 मीटर दूरी के नियम की अनदेखी, कदौरा क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रही निजी बोरिंग

- जिम्मेदार अधिकारी पाताली जल के संरक्षण हेतु केवल बैठकें करके करते रहते हैं आपस मे गप्पे
- जल दोहन की नीति पर न अमल करते हैं न ही करवाते हैं
- झाँसी में स्थित भू गर्भ जल संरक्षण का कार्यालय है शक्तिहीन, साल में एक बार आकर नई बोरिंग वालों से कर ले जाते हैं उगाही
- शासनादेश के बावजूद 100 से 150 मीटर की दूरी पर कराए जा रहे बोरवेल

(प्रधान सम्पादक)

( यंग भारत न्यूज )

**कदौरा/कालपी ( जालौन )।** जनपद जालौन की तहसील कालपी के विकासखंड कदौरा क्षेत्र में निजी बोरिंग और भूजल दोहन का मुद्दा लगातार गंभीर होता जा रहा है। क्षेत्र के कई गांवों से ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जहां शासन द्वारा निर्धारित मानकों और दूरी संबंधी नियमों की अनदेखी करते हुए किसान निजी बोरवेल करवा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शासनादेश के अनुसार एक बोरिंग से दूसरी बोरिंग के बीच लगभग 500 मीटर की दूरी निर्धारित की गई है, लेकिन इसके बावजूद कई स्थानों पर मात्र 100 से 150 मीटर की दूरी पर नए बोरवेल खोदे जा रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि निजी मशीनों के माध्यम से लगातार बोरिंग का कार्य कराया जा रहा है और संबंधित विभागों द्वारा प्रभावी निगरानी न होने से भूजल का अनियंत्रित दोहन जारी है। यदि इस पर समय रहते रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले वर्षों में क्षेत्र को गंभीर जल संकट का सामना



करना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में वे कई बार जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग कर चुके हैं। उनका कहना है कि बिना मानक और अनुमति के हो रही बोरिंग पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। साथ ही भूजल संरक्षण के लिए सख्त नियम लागू किए जाने चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियों को पानी के संकट से न जूझना पड़े। क्षेत्र के कई किसानों ने आरोप लगाया कि उनके खेतों के आसपास शासनादेश के विपरीत नए बोरवेल कराए जा रहे हैं। इससे उनके पहले से संचालित बोरिंग और नलकूप प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि जब कम दूरी पर कई गहरे बोरवेल खोद दिए जाते हैं तो आसपास के जल स्रोतों का जलस्तर तेजी से नीचे चला जाता है। इसके परिणामस्वरूप पुराने बोरिंग फेल होने लगते हैं और सिंचाई व्यवस्था प्रभावित होती है। किसानों के अनुसार एक बोरवेल की खुदाई, पाइप, मोटर और अन्य उपकरणों पर लाखों रुपये खर्च होते हैं। यदि भूजल स्तर गिरने के कारण बोरिंग फेल हो जाती है तो किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसे में बिना वैज्ञानिक परीक्षण और अनुमति के नए बोरवेल की अनुमति देना क्षेत्र के किसानों के हितों के विपरीत है। ग्रामीणों ने यह भी मांग उठाई है कि किसी भी नई बोरिंग से पहले भूजल विभाग की अनुमति अनिवार्य की जाए। उनका कहना है कि वर्तमान में कई लोग नियमों की अनदेखी करते हुए निजी स्तर पर बोरिंग करा लेते हैं, जिससे न केवल भूजल संसाधनों पर दबाव बढ़ता है बल्कि जल संरक्षण के सरकारी प्रयास भी प्रभावित होते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि भूजल स्तर में लगातार गिरावट पहले से ही चिंता का विषय बनी हुई है। गर्मी के मौसम में कई हैंडपंप और उथले नलकूप पानी देना बंद कर देते हैं। यदि अनियंत्रित बोरिंग का सिलसिला जारी रहा तो भविष्य में

- भूजल दोहन से जलस्तर गिरने और पुराने बोर फेल होने की बढ़ी आशंका
- ग्रामीणों ने जिला व तहसील स्तर पर निगरानी समिति गठित करने की उठाई मांग

पेयजल और सिंचाई दोनों के लिए गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जिला एवं तहसील स्तर पर एक विशेष समिति का गठन किया जाए, जिसमें राजस्व विभाग, भूजल विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों को शामिल किया जाए। यह समिति प्रत्येक प्रस्तावित बोरिंग की जांच कर क्षेत्र की भूजल स्थिति, निर्धारित दूरी और तकनीकी मानकों के आधार पर अनुमति प्रदान करे। समिति की स्वीकृति के बिना किसी भी निजी बोरिंग का कार्य शुरू न किया जाए। ग्रामीणों का मानना है कि ऐसी व्यवस्था लागू होने से अवैध और अनियंत्रित बोरिंग पर प्रभावी रोक लगेगी तथा भूजल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही किसानों के बीच जल स्रोतों को लेकर होने वाले विवाद भी कम होंगे। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि वर्तमान में चल रहे विवादित बोरवेल निर्माण कार्यों की जांच कराई जाए और जहां नियमों का उल्लंघन पाया जाए वहां तत्काल प्रभाव से कार्य रुकवाया जाए। उनका कहना है कि जल ही जीवन का आधार है और इसकी सुरक्षा के लिए कठोर कदम उठाना समय की आवश्यकता है। यदि आज भूजल संरक्षण की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले समय में जल संकट एक गंभीर सामाजिक और आर्थिक चुनौती बन सकता है।

# आंधी-तूफान की सबसे ज्यादा छति ग्रामीण फीडरों पर, सैकड़ों पोल धराशायी

## पांच सैकड़ा से अधिक पोल क्षतिग्रस्त होने की आशंका, नलकूपों के ट्रांसफार्मर भी हुए डेमेज

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** बीते तीन दिन पहले बुधवार की रात आए भीषण आंधी-तूफान मे सबसे अधिक ग्रामीण फीडरों को छति पहुंची है। कोंच क्षेत्र की ग्रामीण बिजली व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है, तेज हवाओं और बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में बिजली के पोल, ट्रांसफार्मर और अन्य बिजली उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए हैं। हालात ऐसे हैं कि कई गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल होने में अभी कई दिन लग सकते हैं, जिससे हजारों उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली विभाग का दावा है कि जहां जहां तक लाइनें ठीक थी वहां तक के गांवों की सप्लाई चालू करा दी गई है। करीब 20 प्रतिशत गांवों की सप्लाई अभी तक चालू हो सकी है। बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार कोंच क्षेत्र में करीब पांच सैकडा से अधिक पोल क्षतिग्रस्त होने की आशंका है, रिपोर्ट एकत्रित की जा रही हैं। कई स्थानों पर बिजली के खंभों के साथ ट्रांसफार्मर भी गिर कर क्षतिग्रस्त हो गए हैं,जिससे मरम्मत कार्य और अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है।



नहर के पास स्थित कोंच प्रथम बिजली उपकेंद्र से जुड़े उरई, जालौन, अंडा तथा नलकूप फीडरों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा है। जेई अमन पांडे ने बताया कि इन फीडरों पर करीब 200 पोल आंधी-पानी में टूट गए हैं। कई जगह ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिसके कारण आपूर्ति पूरी तरह ठप है। वहीं कोंच द्वितीय बिजली उपकेंद्र से जुड़े इमलोरी, नदीगांव, सामी और तीतरा फीडरों पर भी तूफान का व्यापक असर पड़ा है। जेई अमन खान ने बताया कि इन फीडरों पर करीब 220 पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं। हालांकि कस्बे की आपूर्ति बहाल कर दी गई है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में मरम्मत कार्य अभी जारी है। अधिकारियों के मुताबिक केवल पोल ही नहीं, बल्कि क्रॉस, आर्म, इंसुलेटर, एफ-क्लिप, डी-क्लिप और अन्य बिजली सामग्री भी बड़ी मात्रा में क्षतिग्रस्त हुई है। विभाग की टीमें लगातार फील्ड में काम कर रही हैं और प्राथमिकता के आधार पर एक-एक फीडर को दुरुस्त किया जा रहा है। बिजली आपूर्ति ठप रहने से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने लगा है। घरों में भीषण गर्मी के बीच लोगों को रातें अंधेरे में बितानी पड़ रही हैं। विभाग का कहना है कि क्षति का आकलन जारी है और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार तेजी से मरम्मत कार्य कराया जा रहा है।

क्या कहा एसडीओ ने

बिजली विभाग के एसडीओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि तूफान से हुए नुकसान का सर्वे कराया जा चुका है और आवश्यक बिजली सामग्री की मांग उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। उन्होंने बताया कि विभाग के पास उपलब्ध सामग्री से मरम्मत कार्य भी तत्काल शुरू करा दिया गया था। एसडीओ के अनुसार बिजली घर के आसपास स्थित कई गांवों की आपूर्ति बहाल कर दी गई है। जिन गांवों तक लाइनें सुरक्षित थीं अथवा जहां मामूली मरम्मत की आवश्यकता थी, वहां खराबी दूर कर बिजली सप्लाई चालू करा दी गई है। उन्होंने कहा कि जिन फीडरों पर अधिक नुकसान हुआ है, वहां युद्धस्तर पर कार्य कराया जा रहा है और चरणबद्ध तरीके से सभी गांवों की बिजली आपूर्ति बहाल की जाएगी

# बोलेरो की टक्कर से टैक्सी सवार मासूम बच्चा सहित पांच घायल

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 31 मई।** बीती रात महेवा सड़क पर 30 वर्षीय प्रियंका देवी पत्नी धर्मेंद्र 20 वर्षीय सज्जन पुत्र देव सिंह चालक 40 वर्षीय देवेंद्र पुत्र वीर सिंह 13 वर्षीय निष्का पुत्री धर्मेंद्र 4 वर्षीय सक्षम निवासी अभैदेपुर ब्लॉक महेवा मासूम बच्चा सहित पांच लोग टैक्सी में सवार होकर शनिवार की रात सूरत जाने के लिए जोल्हूपुर मोड़ से शताब्दी बस पकड़ना थी जोधंर नाला समीप तेजगति से आ रही बोलेरो गाड़ी ने पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे टेंपो पलट कर खंदक में गिरी टैक्सी सवार सभी लोग बुरी तरह घायल हो गए घटना की सूचना पाकर 112 नंबर पुलिस तथा एंबुलेंस के कर्मचारियों ने पहुंचकर घायल अवस्था में पड़े मासूम बच्चा सहित पांचो लोगों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में इलाज हेतु भर्ती कराया अस्पताल में मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अशोक चक्र ने घायलों को अलग-अलग समय में जांच की जांच दौरान सज्जन किशोरी कनिष्का सहित दो लोगों की हालत नाजुक देखकर प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल उरई रिफर किया शेष मासूम बच्चा सहित तीनों घायलों को स्वास्थ्य टीम लगाकर इलाज शुरू किया।

# श्रीमद्भागवत महापुराण का शुभारंभ

## नगर में निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नगर के मुहल्ला जवाहर नगर में नगर के प्रतिष्ठित गल्ला व्यापारी रामप्रताप पटेल पचीपुरा के आवास पर आयोजित की जा रही श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हो गया। प्रथम दिन कथावाचक पंडित विष्णुकांत शास्त्री ने अपने मुखारबिंद से श्रोताओं को कथा का रसपान कराया।श्रीमद्भागवत की भव्य कलश यात्रा नई वस्ती स्थित सिद्धेस्वर मंदिर से प्रारंभ हुई जो मुख्य मार्ग होते हुए पुन: कथा स्थल पर पहुंची जहां श्रीगणेश का पूजन कर कथा आरंभ की गई। कलश यात्रा में सबसे आगे परीक्षित कुसमा देवी सिर पर भागवत पुराण रखकर चल रही थी, पीछे पीछे सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व युवतियां आम्रपत्तों से सुसज्जित कलश सिर पर रखकर चल रहीं थीं। बच्चे ध्वज पताकाएं फहराते हुए बैंड बाजों पर बज रहे संगीत पर थिरक रहे थे। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर जगह जगह पुष्प वर्षा की गई।कलश यात्रा में राजीव पटेल बोबी,अनुराधा पटेल,रागिनी,डॉ विनोद कुमार, शिवा,ईशा,अंजली सोनी,सपना सोनी,प्रमोद शुक्ला लला,पुन्नी रिछारिया,सुधीर सोनी,राजीव देवगांव, बोबी पनयारा,कल्ले मास्टर, आलोक कपूर, धीरज सोनी,शैलेष सोनी,अमित यादव सभासद, अमित सोनी,पुरुषोत्तमदास रिछारिया,संजय सोनी,ललूस यादव, आदि भक्त उपस्थित थे।प्रथम दिवस की कथा विश्राम के बाद परीक्षित रामप्रताप पटेल ने पत्नी कुशमा देवी के साथ भागवत महापुराण की आरती उतारी।उसके बाद प्रसाद वितरित किया गया।

# एसडीएम रिंकू सिंह राही की प्रेरणा से मुस्लिम समाज की शिक्षा जागरूकता बैठक संपन्न

**जालौन।** लोकप्रिय एसडीएम एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्री रिंकू सिंह राही जी की प्रेरणा से 'कोई भी व्यक्ति अनपढ़ न रहे, हर घर तक शिक्षा पहुंचे' अभियान के अंतर्गत रविवार रात 8 बजे खानकाह बशीरिया सिराजिया (तकिया) में शिक्षा जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुस्लिम समाज के गणमान्य लोगों, युवाओं एवं अभिभावकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम में शिक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई तथा समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देंगे और समाज में शिक्षा के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के विकास का आधार बनती है। बच्चों के साथ-साथ बड़ों को भी शिक्षा के महत्व को समझना चाहिए और दूसरों को इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी खालिद रहमानी ने कहा कि एसडीएम श्री रिंकू सिंह राही जी द्वारा शिक्षा को लेकर की गई अपील समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने तथा उन्हें एक उज्ज्वल भविष्य देने का आह्वान किया। बैठक के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने यह संकल्प दोहराया कि 'आधी रोटी खाएंगे, लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएंगे' तथा एक शिक्षित, जागरूक और सशक्त समाज के निर्माण में अपना पूर्ण योगदान देंगे।



जालौन एसडीएम रिंकू सिंह राही (आईएएस)

# घटतौली का बीडीयो बनाने पर कोटेदार ने तोड़ा मोवाइल

## -ग्रामीणो ने एसडीएम से की शिकायत

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोटेदार द्वारा की जा रही घटतौली का जव ग्रामीणो ने विरोध किया तथा वीडियो बनाया तो कोटेदार आग बबूला होकर झगडे पर आमादा हो गया।ग्रामीणो ने कहा कि कोटेदार द्वारा की जा रही घटतौली का वीडियो प्रशासन को दिखाने के लिए बनाया गया था तो उसका मोवाइल ही कोटेदार ने छुड़ाकर तोड़ दिया गया।जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के ग्राम बरोदा कला के निवासी जगजीवन राम पुत्र हरनारायण अपना राशन लेने के लिए 31 मई को सुबह 10:00 बजे कोटेदार मंसाराम अहिरवार पुत्र देव जू की दुकान पर गया था जहां कोटेदार का नाती अंकित भी बैठा था जब वह अपना राशन लेने लगा तो उसने देखा कि कोटेदार का नाती अंकित घटतोली कर रहा है जिस पर जगजीवन राम ने विरोध करते हुए उसका वीडियो बनाने लगा तो कोटेदार गाली गलौज पर उतर आया और मोबाइल छीन कर तोड़ दिया जगजीवन राम ने बताया कि कोटेदार राशन सामग्री वितरण के लिए दो कांटे रखे हुए हैं जिससे घटतोली का कार्य करता है उक्त के संबंध में जगजीवन राम ने उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को शिकायती पत्र देते हुए उक्त कोटेदार व उसके नाती के खिलाफ समुचित कार्यवाही किये जाने की मांग की है।



# रीबोर के नाम पर नल का सामान निकाले जाने का आरोप

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** ।सरकारी नल के रीबोर के नाम पर नल का सामान निकाले जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीण ने एसडीएम से शिकायत की है। ग्रामीण ने नल को जल्द से जल्द दुरूस्त कराने की मांग की है कि ताकि गर्मी के मौसम में लोगों को परेशान न होना पड़े। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम लहचूरा निवासी अखिलेश सिंह ने एसडीएम रिंकू सिंह राही को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव में हनुमान मंदिर के पास सरकारी हैंडपंप खराब हो गया था। जिसके रीबोर कराने की आवश्यकता थी। कुछ समय पूर्व हैंडपंप को रीबोर कराने के नाम पर मशीन छड़ें व पंप आदि निकाल लिए गए। निकालने के बाद उसे सही नहीं कराया गया बल्कि अधूरा ही छोड़ दिया गया, रीबोर भी नहीं हुआ है। गर्मी के मौसम में ग्रामीण पेयजल के लिए परेशान हो रहे हैं। जब ग्रामीणों ने प्रधान से नल सही कराने के लिए कहा तो वह भी सही जबाव नहीं दे रहे हैं। ग्रामीण ने एसडीएम से गर्मी के मौसम को देखते हुए खराब पड़े हैंडपंप को रीबोर कराकर दुरूस्त कराने की मांग की है।

# चिकित्सकों ने 60 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं वितरित कीं

## 16 व्यक्तियों के शुगर, बीपी आदि के टेस्ट किए

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई** । नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरीपुरा में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। चिकित्सकों ने 60 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं वितरित कीं। 16 व्यक्तियों के शुगर, बीपी आदि के टेस्ट किए गए। अस्पताल में लैब टैक्नीशियन की तैनाती न होने से लोगों को ब्लड की जांच कराने में दिक्कत हुई।

नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरीपुरा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 60 मरीज उपचार के लिए पहुंचे। मेले में डॉ. दिलीप कुमार व उनकी टीम ने बुखार, सर्दी-जुकाम, पेट दर्द, त्वचा रोग, कमजोरी और ब्लड प्रेशर जैसी समस्याओं से पीड़ित मरीजों की जांच कर उन्हें दवाएं उपलब्ध कराई। शुगर व बीपी के 16 रोगियों की जांच कर उन्हें दवा दी गई। रविवार को आयोजित होने वाला यह मेला रोगियों के लिए वरदान साबित होता है। लेकिन अस्पताल में लैब टेक्नीशियन की तैनाती न होने से मरीजों को ब्लड की जांच कराने में परेशानी होती है। ब्लड की जांच के लिए उन्हें सीएचसी भेजा जाता है। मरीज देवेंद्र, अतुल, पवन कुमार, धीरज आदि ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लैब टेक्नीशियन की तैनाती कराने की मांग की है।

# यात्री की शिकायत सही पाए जाने पर रोडवेज प्रशासन ने संविदा चालक परिचालक पर कार्रवाई की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** यात्री द्वारा बताए गए स्थान पर बस न रोकने की शिकायत सही पाए जाने पर रोडवेज प्रशासन ने संविदा चालक और परिचालक के खिलाफ कार्रवाई की है। जांच में विभागीय निर्देशों की अवहेलना पाए जाने पर दोनों के देयकों से 200-200 रुपये की कटौती की गई है। साथ ही भविष्य में यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। नगर के मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी मुहम्मद अशफाक राईन ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा बताया था कि वह लगभग एक माह पूर्व उरई से जालौन आ रहे थे। जालौन पहुंचने पर उन्होंने चालक से बस रोकने के लिए कहा, लेकिन चालक ने निर्धारित स्थान पर बस न रोककर कुछ आगे जाकर बस रोकी। शिकायत में उन्होंने चालक और परिचालक के व्यवहार पर भी आपत्ति जताई थी। शिकायत के निस्तारण में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक उरई डिपो ने बताया कि अभिलेखीय परीक्षण में पाया गया कि संबंधित बस का संचालन संविदा चालक अनिल कुमार एवं संविदा परिचालक रविपाल द्वारा किया जा रहा था। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि यात्रियों को उनकी सुविधा के अनुसार सुरक्षित स्थान पर उतारने संबंधी विभागीय निर्देशों का पालन नहीं किया गया। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने अपने पत्र में कहा कि चालक एवं परिचालकों को समय-समय पर लिखित, मौखिक तथा काउंसलिंग के माध्यम से निर्देशित किया जाता है कि मुख्य स्टॉपेज के साथ-साथ मार्ग में जहां यात्री बस रोकने का संकेत दें, वहां नियमानुसार सुरक्षित स्थान पर उन्हें उतारा जाए। संबंधित प्रकरण में इन निर्देशों की अवहेलना प्रतीत होने पर संविदा चालक और परिचालक के देयकों से 200-200 रुपये की कटौती की गई है।

# शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गविष्टि यात्रा के दौरान गौ आश्रय स्थलों की अव्यवस्था पर उठाये सवाल

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** प्रदेश सरकार द्वारा गायों के लिए आश्रय स्थल तो बनाए गए हैं लेकिन वहां उनकी देखभाल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। उनके चारे, पानी समेत बीमारियों के इलाज की भी उचित व्यवस्था नहीं है। गाय माता के सम्मान के लिए प्रदेश की सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में गोरखपुर से शुरू की गयी गविष्टि यात्रा मतदाताओं को प्रेरित कर रही है। साथ ही अगले चुनाव में वोट उसी को देने की बात कही जो गाय को माता का दर्जा दे, उसका सम्मान और रक्षा करे। यह बात शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गविष्टि यात्रा के दौरान दीपू त्रिपाठी के आवास पर कही।



शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अपनी यात्रा के दौरान शनिवार की देर शाम दीपू त्रिपाठी के आवास पर पहुंचे। जहां उन्होंने बताया कि गाय माता व उनकी प्राणों की रक्षा के लिए यह यात्रा है। जो प्रदेश की सभी 403 विधानसभा क्षेत्र में जाएगी। गोरखपुर से शुरू हुई यह यात्रा गोरखपुर में ही समाप्त होगी। यात्रा के दौरान वह सनातन धर्म को मानने वाली जनता से मिल रहे हैं और उनसे मूलभूत सवाल पूछ रहे हैं। गाय माता की रक्षा के सवाल पर जब राजनैतिक पार्टियों व नेताओं से निराशा मिली तो वह मतदाताओं के पास आए हैं। यात्रा के माध्यम से मतदाता को प्रेरित कर रहे हैं कि ऐसी पार्टी व प्रत्याशी को वोट न दे जो गाय माता की हत्या में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में संलिप्त हो। प्रदेश सरकार फाइलों में गोशाला खोल रही है। फाइलों में व्यवस्थाएं भी चकाचक हैं। लेकिन मौके गो आश्रय स्थलों पर दुर्दशा है। गायों को पर्याप्त चारा पानी और बीमारी से देखभाल नहीं हो रही है। उन्हें गो आश्रय स्थलों पर गोमाता की हालत देखने के लिए जाने भी नहीं दिया जा रहा है। कहा कि यात्रा का उद्देश्य मतदाताओं को जगाना है कि सनातनी व्यक्ति अपना वोट उसी को करें जो गाय को माता का दर्जा दे और गाय माता के सम्मान में खड़ा हो। इस मौके पर दीपू त्रिपाठी, रामेंद्र त्रिपाठी, रिंकू गुर्जर, सिंटू महाराज, राजा भईया, कैलाश बाबू वर्मा आदि रहे।

# डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

## सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई एवं बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने आज जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई एवं बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बैरकों, रसोईघर, अस्पताल कक्ष, सुरक्षा चौकियों तथा सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था की विस्तार से जांच की।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बंदियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप भोजन, स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं स्वच्छ वातावरण हर हाल में उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने जेल परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा संवेदनशील बंदियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि जेल की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। उन्होंने गेट चेकिंग, मुलाकात व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की सतत निगरानी तथा सुरक्षा कर्मियों की सतर्कता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राज नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार, जेल अधीक्षक नीरज देव, सहित संबंधित अधिकारी एवं कारागार स्टाफ उपस्थित रहे।



# गौसंरक्षण के मुद्दे पर सरकार को घेरा, जागरूकता के लिए निकाली 'गविधि यात्रा

## कालपी पहुंचे जगतगुरु, शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच ( जालौन )।** रविवार को जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अपनी बहुचर्चित 'गविधि यात्रा' के साथ कालपी पहुंचे, जहां सनातन धर्मावलंबियों ने उनका भव्य स्वागत किया। नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा, माल्यार्पण और अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। शंकराचार्य के दर्शन और आशीर्वाद पाने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े।सभा को संबोधित करते हुए शंकराचार्य ने गौसंरक्षण के मुद्दे पर केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान हिंदू संस्कृति और सनातन मूल्यों की बात कर जनता का समर्थन प्राप्त किया गया, लेकिन सत्ता में आने के बाद गौवंश संरक्षण के लिए अपेक्षित कदम नहीं उठाए गए।उन्होंने आरोप लगाया कि देश में बूचड़खानों को बढ़ावा दिया जा रहा है और भारत मांस निर्यात के क्षेत्र में अग्रणी देशों में शामिल हो गया है। उनका कहना था कि यदि सरकार वास्तव में गौसंरक्षण के प्रति गंभीर होती तो गौहत्या और अवैध व्यापार पर प्रभावी रोक लगाई जाती।शंकराचार्य ने कहा कि गौवंश भारतीय संस्कृति, कृषि व्यवस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इसके संरक्षण के लिए केवल सरकार ही नहीं बल्कि समाज को भी आगे आना होगा। उन्होंने लोगों से गोसेवा और गौसंरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।उन्होंने स्पष्ट किया कि 'गविधि यात्रा' का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में गौसंरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करना और जनमत तैयार करना है। यात्रा के माध्यम से देशभर में गौवंश संरक्षण का संदेश पहुंचाया जा रहा है।कार्यक्रम में संयोजक अनिल वैद, राजकुमार शर्मा, नरेश देव महाराज वनखंडी कालपी,राजा बाबा, दीपक धवन, कुलदीप शुक्ला, संदीप गुप्ता, अरविंद शर्मा, शिव कुमार कनौजिया, प्रेमकुमार गुप्ता, पारस पुरवार, पप्पू मिश्रा, अजीतसिंह यादव, कन्हैया मिश्रा, पुष्पेन्द्र सिंह, समय सिंह गुड्डू, शरद शुक्ला सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



# जालौन के नये सीएमओ बने डा. हरिनंदन प्रसाद

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** शासन की ओर नये सीएमओ डॉक्टर हरिनंदन प्रसाद को तैनात किया गया है अभी तक कार्यवाहक के रूप में सीएमओ की जिम्मेदारी डा. वीरेंद्र सिंह संभाल रहे थे। जनपद जालौन में काफी समय से मुख्य चिकित्सा अधिकारी जालौन का पद खाली चल रहा था।जिसको एसडीएम वीरेंद्र सिंह कार्यवाहक के रूप में देख रहे थे।अब शासन की ओर जनपद जालौन में सीएमओ के रूप में हरिनंदन प्रसाद की नियुक्ति की गयी है। जिससे अब जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होने की संभावनाएं बढ़ने उम्मीद दिखने लगी है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, डॉ. प्रसाद को तत्काल प्रभाव से यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति के बाद जिले के स्वास्थ्य विभाग में नई कार्यशैली और सेवाओं में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

# बहुजन मुक्ति पार्टी ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** बहुजन मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने रविवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मोर्चा पदाधिकारियों ने आगामी जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण के दौरान अन्य पिछड़ा वर्ग ( ओबीसी ) के आंकड़े दर्ज न किए जाने पर कड़ा विरोध जताया। मोर्चा नेताओं का कहना था कि देश की बड़ी आबादी ओबीसी वर्ग से जुड़ी हुई है, लेकिन जनगणना के पहले चरण में इस वर्ग की अलग से गणना न किया जाना सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। उन्होंने मांग उठाई कि केंद्र सरकार जनगणना प्रक्रिया में ओबीसी वर्ग का पृथक आंकड़ा दर्ज कराने के निर्देश जारी करे, ताकि समाज के वास्तविक आंकड़े सामने आ सकें और योजनाओं का लाभ सही पात्रों तक पहुंच सके। ज्ञापन सौंपने वालों में संगठन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने सरकार से ओबीसी वर्ग के हितों की रक्षा करने तथा जनगणना प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने की मांग की।इस मौके पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष आर. बी. कुशवाहा, जिलाध्यक्ष बहुजन मुक्ति मोर्चा रामबाबू चौधरी, एल. आर. अटल, देवेन्द्र भारती, आर. के. साहिब, सत्यनारायण, चंद्रप्रकाश सहित आदि संगठन के लोग मौजूद रहे।

# आंधी-पानी के बाद बेपटरी हुई विद्युत व्यवस्था, उपभोक्ताओं को भारी परेशानी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** क्षेत्र में पहले से ही लड़खड़ाती विद्युत व्यवस्था आंधी और बारिश के बाद पूरी तरह बेपटरी हो गई है। तेज हवाओं और वर्षा के कारण कई स्थानों पर बिजली के तार टूट गए, पोल क्षतिग्रस्त हो गए तथा फाल्ट बढ़ने से आपूर्ति बाधित हो गई। इसके चलते शहर और ग्रामीण इलाकों में घंटों बिजली गुल रही, जिससे लोगों को भीषण गर्मी और उमस के बीच भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

बिजली आपूर्ति बाधित होने से पेयजल व्यवस्था, घरेलू कार्य और व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हुईं। उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले से ही अनियमित विद्युत आपूर्ति की समस्या बनी हुई थी, जिस पर आंधी-पानी ने हालात और खराब कर दिए हैं। वहीं विद्युत विभाग की टीमें क्षतिग्रस्त लाइनों और उपकरणों की मरम्मत में जुटी हैं। अधिकारियों का कहना है कि प्रभावित क्षेत्रों में आपूर्ति बहाल करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है और जल्द ही व्यवस्था सामान्य करने का प्रयास किया जाएगा। हालांकि उपभोक्ताओं ने विभाग से स्थायी समाधान की मांग करते हुए विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता बताई है।

# बसपा जिला कार्यालय में मनाई गई लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** बहुजन समाज पार्टी के जिला कार्यालय मंशापूर्ण हनुमान मंदिर के बगल में स्थित चंद्रकांता विला लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई।जिसकी अध्यक्षता बसपा जिलाध्यक्ष डा.बृजेश कुमार जाटव ने की जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल प्रभारी धीरेन्द्र चौधरी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन उदयवीर सिंह दोहरे ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा उनके आदर्शों और समाज सेवा के कार्यों को याद किया।

इस अवसर पर बसपा जिलाध्यक्ष डा. बृजेश जाटव एवं मंडल प्रभारी धीरेन्द्र चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में जनकल्याण, धार्मिक स्थलों के विकास तथा समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। उनका जीवन त्याग, सेवा और न्यायप्रियता का प्रतीक रहा है। उन्होंने समाज को एक नई दिशा देने का कार्य किया, जिससे आज भी लोग प्रेरणा लेते हैं।कार्यक्रम में बसपा पदाधिकारियों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और कहा कि समाज में समानता, भाईचारा तथा सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। जयंती कार्यक्रम में पार्टी के शैलेन्द्र शिरोमणि, आंनद परिहार, अल्ताफ भाई, डा. देवेन्द्र अहिरवार, प्रमोद राजावत, संजय गौर, राजेश जाटव, विनय गौतम, बब्लू चौधरी, जयप्रकाश कुशवाहा, मनोज याज्ञिक, आदेश भंते, गुलाब पाल, जावेद अली सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।



# कालपी में भव्य दिव्य गौधाम बनाया जाए एवं गाय को माता घोषित किया जाए अविमुक्तेश्वरानंद

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी जालौन 31 मई।**81 दिवसीय गविष्ट यात्रा पर निकले अवि मुक्तेश्वरा नंद सरस्वती ने शनिवार की रात आलमपुर स्थित बनखंडी मंदिर देवी प्रांगण में ठहराव किया इस दौरान नगर के लोगों ने चरण बंधन कर स्वयं तथा खुशहाली हेतु आशीर्वाद प्राप्त किया।

सोमवार को सुबह मंदिर प्रांगढ में आयोजित प्रेस वार्ता में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने एक सवाल का जवाब में कहा कि जो गौसेवा करें उसको मत दीजिये फिर चाहे वो किसी दल का हो यदि ये भी गौ सेवा नही करेगें तो उन्होनें भीड की। ओर इशारा करते हुये कहा कि फिर इनमें से किसी को चुनेगें वही उन्होनें कालनेमी प्रकरण को लेकर कहा कि कालनेमि शब्द का प्रयोग हमने नही किया लेकिन उन्होनें अपने प्रवचन में किया था गाय को मवेशी की सूची मे रखा गया है जबकि गाय को माता घोषित किया जाना चाहिये भारत सबसे बडा बीफ निर्यात करता है बीफ निर्यात का भारत सबसे बडा व्यापारी है और उसमें उत्तर प्रदेश की। हिस्सेदारी आधे की। है उन्होने सरकार पर प्रश्नचिंह लगाते हुये कहा कि इतना बडा मांस व गौ मांस आपके यहां से निर्यात हो रहा है तो फिर आप कैसे हिंदू हो वही गाय को मात कह रहे हो उन्होनें बताया कि राज्य सूची में पशु के रूप में गाय दर्ज है गधे खच्चर सूअर के साथ गाय का नाम लिखा हुआ है जबकि हमारी संस्कृति में तो गाय को ? माता माना गया है पशु न ही कहा गया इस पर उन्होनें कडी आपत्ती की इस दौरान स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि कालपी मे एक भव्य व दिव्य गौ धाम बनाया जाए जो दूध के लिये न हो उसमें गौ माता जैसे चित्रो में हस्ट पुष्ट दिखती है वैसे ही सेवा की। जाए और वो रोम रोम से कालपी वासियों को आशीर्वाद दें इस मूल भावना से गौधाम बनें जिसके वजह से वह बार बार कालपी आ सके इसके लिये एक सूत्र निकाला है कालपी विधान सभा में एक नोट अभियान चला दो जिसमें एक नोट हर व्यक्ति निकाले चाहे वह छोटा हो या बडा हो जिसे से भव्य गौधाम बनाए मौके पर अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को मां वनखंडी देवी के महंत जमुना दास ने चुनरी ओढाकर सम्मानित किया इस मौके ? पर दीपक धवन अमर सिंह चंदेल आलोक मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# एसपी विनय कुमार सिंह ने किया रेंढर थाने का निरीक्षण

( यंग भारत न्यूज )



**रेंढर ( जालौन ) 31 मई।** जनपद जालौन में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा आज थाना रेंढर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान थाना एसपी विनय कुमार सिंह ने कार्यालय के विभिन्न अभिलेखों की गहन जांच की तथा उनके रखरखाव एवं अद्यावधिक स्थिति का अवलोकन किया।

इस दौरान मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, हवालात एवं थाना भोजनालय का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव, लंबित विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण तथा वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं जनसुनवाई प्रणाली को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि फरियादियों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करते हुए आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत किया जाए। इस दौरान एसओ रेंढर अभिनेन्द्र सिंह,एसएसआई राम शंकर कटियार, हेड मुहर्रिर रविंद्र कुमार,नवीन कुमार ऋषि सिंह सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# आरएलडी जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में मनाई गई चौधरी चरणसिंह की जयंती

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) के जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा चौधरी चरणसिंह की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए तथा उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरएलडी रविन्द्र श्रीवास्तव उर्फ सोनू ने कहा कि चौधरी चरणसिंह ने अपना संपूर्ण जीवन किसानों, मजदूरों एवं ग्रामीण समाज के उत्थान के लिए समर्पित किया। उनकी नीतियां आज भी देश के किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए, जिन्हें देश हमेशा याद रखेगा। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने चौधरी चरणसिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सच्चा किसान नेता बताया। कार्यक्रम में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अमित त्रिपाठी, मनोज श्रीवास्तव मिझोना, माधौगढ़ विधानसभा अध्यक्ष मोहसिन खान, जिला सचिव राघवेंद्र सोनी,जिला सचिव रामेश्वर दयाल गुवरेले, नगर अध्यक्ष माधौगढ़, आदर्श नगर डकोर, ब्लॉक अध्यक्ष रणजीत नगर, एससीएसटी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष जावेद रायन, कोच नगर अध्यक्ष शुभम श्रीवास्तव, जिला सचिव सुमित नागर,आशीष नागर सहित दर्जनों की संख्या में संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सड़क पर गिरे पेड से टकराई बाइक,चार गंभीर रूप से घायल







( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** क्षे मे सड़क हादसा थमने का नाम नही ले रहे है ।एक सड़क हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग, महिला और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए ।दुर्घटना उस समय हुई जव कोंच-कैलिया रोड पर झला पठा के पास सड़क किनारे गिरे पेड़ की चपेट में आने से एक बाइक अनियंत्रित होकर गिर गयी ।बाइक सवार सभी घायलों को राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है ।जानकारी के अनुसार ओमप्रकाश कुशवाहा उम्र 50 वर्ष पुत्र हरिराम कुशवाहा, निवासी ग्राम लौना, अपनी रिश्तेदारी में आयोजित त्रयोदशी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शनिवार देर रात परिवार के साथ बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे ।तभी रात करीब 10 बजे जब वे कोंच-कैलिया रोड पर झला पठा के पास पहुंचे, तभी सड़क किनारे पड़ा पेड़ उनकी बाइक के सामने आ गया। अंधेरा होने के कारण उन्हें पेड़ दिखाई नहीं दिया और उनकी बाइक उससे टकरा गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पर सवार सभी लोग सड़क पर छिटककर गिर पड़े। हादसे में ओमप्रकाश कुशवाहा उनकी पुत्री साधना पत्नी राकेश, साधना का 7 वर्षीय पुत्र देवांश तथा 9 वर्षीय पुत्री रेन्सी घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉ. गौरव शर्मा के नेतृत्व में घायलों का उपचार किया जा रहा है ।स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे गिरे पेड़ों और अन्य अवरोधों को समय पर नहीं हटाए जाने के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। उन्होंने प्रशासन से मुख्य मार्गों की नियमित निगरानी और साफ-सफाई कराने की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है और उनका उपचार जारी है।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर सीओ ने कोतवाली में तम्बाकू निषेध की दिलाई शपथ



( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर कोतवाली परिसर में रविवार सुबह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तम्बाकू और उससे बने उत्पादों के सेवन से दूर रहने तथा समाज को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीओ ने कहा कि तम्बाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। इसके कारण कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की गंभीर बीमारियों सहित अनेक जानलेवा रोग उत्पन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को तम्बाकू सेवन के दुष्परिणामों से अवगत कराना और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है ।उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से आह्वान किया कि वे स्वयं तम्बाकू से दूर रहें और अपने परिवार, मित्रों तथा आमजन को भी इसके सेवन से बचने के लिए प्रेरित करें। शपथ के दौरान सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने तम्बाकू एवं नशे से दूर रहने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने का संकल्प लिया ।इस अवसर पर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार, उपनिरीक्षक अशोक कुमार, अभिषेक सिंह, शिवनारायण, नीतीश कुमार, सुमित पांडेय सहित कोतवाली में तैनात समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से तम्बाकू मुक्त समाज के निर्माण और जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया ।विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम ने पुलिस विभाग की सामाजिक जिम्मेदारी और जनजागरूकता के प्रति प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित किया।

# तीतरा मार्ग पर सड़क हादसा, तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गिरी

## -दो युवक गंभीर रूप से घायल, सीएचसी में भर्ती



( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के तीतरा-मार्ग पर शनिवार देर रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों की सूचना पर मौके से पहुंची एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया ।जानकारी के अनुसार कुलदीप उम्र 34 वर्ष पुत्र कमलेश निवासी ग्राम टोपोर तथा संजू पुत्र रामभरोसे उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम टोपोर किसी कार्य से तीतरा आए हुए थे। काम समाप्त होने के बाद दोनों युवक बाइक से अपने गांव टोपोर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान तीतरा से कुछ दूरी पर उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क पर गिर गई ।जिसमे बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने तत्काल एम्बुलेंस सहित घायलों के परिजनों को सूचना दी ।सूचना मिलते ही एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। चिकित्सकों द्वारा दोनों का इलाज किया गया। बताया जा रहा है कि हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आई हैं, हालांकि उनकी स्थिति पर डॉक्टर नजर बनाए हुए है ।स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क पर अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण यह दुर्घटना हुई ।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी हासिल की।

# तेज रफ्तार बाइक पेड से टकराई,बाइक सवार तीन युवक घायल

## एक की हालत गंभीर मेडीकल कालेज रिफर

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के नदीगांव रोड पर शनिवार की देर रात एक बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया गया ।जानकारी के अनुसार अंशु उम्र 30 वर्ष पुत्र गुड्डू बरार निवासी ग्राम कनासी, अपने दो साथियों देवेंद्र और ककैइया के साथ कोंच से दुकान का सामान लेकर वापस अपने गांव कनासी जा रहे थे। इसी दौरान नदीगांव रोड पर ग्राम तुमरा के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक पेड़ से टकरा गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे में देवेंद्र और ककैइया को मामूली चोटें आईं, जबकि अंशु गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने तत्काल एम्बुलेंस को सूचना दी और घायल युवकों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया ।स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉ. गौरव शर्मा ने अंशु की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। हालांकि, बताया जा रहा है कि परिजन उन्हें मेडिकल कालेज ले जाने के बजाय अपने साथ घर ले गए। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तथा मामले की जानकारी में जुट गयी।

# मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना में किसानों को मिले आकर्षक उपहार, चेहरों पर दिखी खुशी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई** । नवीन गल्ला मंडी जालौन में मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में लकी ड्रॉ के माध्यम से चयनित 14 किसानों को कृषि यंत्रों एवं घरेलू उपयोग के विभिन्न उपहार वितरित किए गए। उपहार प्राप्त कर किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में मंडी समिति की योजनाओं और किसान हित में संचालित सुविधाओं की भी विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडी सचिव अंकित गुप्ता ने योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें मंडी व्यवस्था से जोड़ना है। उन्होंने किसानों से अपनी उपज मंडी में विक्रय करने के बाद व्यापारियों से 'सिक्स आर' (रसीद) अवश्य प्राप्त करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इसी रसीद के आधार पर किसानों का पंजीकरण होता है, जिससे उन्हें विभिन्न लाभकारी योजनाओं और उपहार योजनाओं का लाभ मिल पाता है। लकी ड्रॉ में चयनित किसानों को हैप्पी सीडर, पावर टिलर, मिक्सर ग्राइंडर, सोलर पावर पैक संयंत्र, रोटावेटर, पंपिंग सेट, पावर स्प्रेयर सहित अन्य उपयोगी कृषि उपकरण प्रदान किए गए। वहीं कुछ किसानों को एलईडी टीवी जैसे आकर्षक उपहार भी भेंट किए गए। मंडी सचिव ने अधिक से अधिक किसानों से योजना से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे भविष्य में उन्हें विभिन्न सुविधाओं और प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ प्राप्त होगा। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने योजना की सराहना करते हुए इसे कृषि क्षेत्र के लिए लाभकारी पहल बताया।

# झगड़ा करने में एक व्यक्ति गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 31 मई** । एक ग्राम में पड़ोसी से एक व्यक्ति को लड़ना महंगा पड़ गया वही चौकी प्रभारी ने गिरफ्तार कर जुर्म धारा 170 126 135 बीएनएस के तहत अभियुक्त को पुलिस हिरासत में जेल भेजा। पुलिस के मुताबिक रविवार के दिन ज्ञान भारती छौक प्रभारी विपिन यादव पुलिस बल साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे वहीं झगड़े की सूचना पाकर पहुंची पुलिस टीम ने ग्राम लमसर निवासी बाबू सिंह पुत्र मानसिंह पड़ोसी को गाली गलौज कर झगड़ा कर रहा था तभी पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर कोतवाली के हवालात में बंद किया उक्त घटना में कालपी पुलिस ने अभियुक्त खिलाफ चालानी रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्त को पुलिस हिरासत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में डाक्टरी परीक्षण कराकर संबंधित अदालत में प्रस्तुत किया।

# झगड़ा में दो गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 31 मई** । एक ग्राम मे एक व्यक्ति को शराब पीकर तथा दूसरे ग्राम में पुत्र को पिता से समेत दोनों को झगड़ा करना महंगा पड़ा वही चौकी प्रभारी ने उपरोक्त दोनों को गिरफ्तार कर जुर्म धारा 170 126 135 बीएनएस के तहत अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में जेल भेजा।

पुलिस के मुताबिक कोतवाली कालपी प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी के निर्देश पर ज्ञान भारती छौक चौकी प्रभारी विपिन यादव पुलिस बल साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे वहीं झगड़े की सूचना पाकर पहुंची पुलिस टीम ने ग्राम उसरगांव निवासी गौरव तिवारी पुत्र अखिलेश तिवारी शराब पीकर नशे में उपद्रव कर रहा था तभी पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर कोतवाली के हवालात में बंद किया उक्त टीम ने हरकूपुर गांव में पहुंचकर उक्त गांव निवासी राम सिंह पुत्र सेवाराम अपने पिता को गाली गलौज कर झगड़ा कर रहा था तभी पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर कोतवाली के हवालात में बंद किया उक्त घटनाओं में कालपी पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ अलग-अलग चालानी रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में डाक्टरी परीक्षण करा कर संबंधित अदालत में प्रस्तुत किया।

# हृदय रोगों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए चिकित्सा संगोष्ठी आयोजित

## विशेषज्ञों ने साझा किए महत्वपूर्ण सुझाव

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नगर के उरई रोड स्थित एक होटल में शनिवार को हृदय रोगों एवं आधुनिक चिकित्सा विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दिनेश उदैनिया, चिकित्सकों की संस्था नीमा तथा मैनकाइंड फार्मा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। संगोष्ठी में क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित चिकित्सकों ने सहभागिता कर चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

सेमिनार के मुख्य वक्ता रिजेंसी हॉस्पिटल कानपुर से पधारे प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनीत गुप्ता डीएम कार्डियोलॉजी रहे। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों को हृदय रोगों के बढ़ते खतरे, उनके कारणों, लक्षणों, बचाव के उपायों तथा आधुनिक उपचार पद्धतियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली, तनाव और अनियमित खानपान के कारण हृदय रोगों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में समय पर जांच और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अस्पताल उरई के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आनन्द उपाध्याय उपस्थित रहे। उनके साथ छाया उपाध्याय, मेडिकल कालेज आगरा भी कार्यक्रम में शामिल रहीं। अपने संबोधन में डॉ. आनन्द उपाध्याय ने हृदय रोगों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करते हुए जिला अस्पताल उरई में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं एवं चिकित्सा सुविधाओं के बारे में चिकित्सकों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकारी और निजी चिकित्सकों के बीच समन्वय आवश्यक है ।सेमिनार की व्यवस्थाओं में मैनकाइंड फार्मा के रीजनल मैनेजर डॉ. गौरव कुमार दक्ष अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों के बीच स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया ।समापन अवसर पर नीमा संघ के अध्यक्ष आलोक निरंजन ने अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित सभी अतिथियों का सम्मान किया। उन्हें अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विशेष प्रकार के पौधे भेंट किए गए ।कार्यक्रम में नीमा परिवार के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आर.बी. जैन, नीमा अध्यक्ष डॉ. आलोक निरंजन,जितेंद गुर्जर डॉ हरिमोहन गुप्ता, सुशील तिवारी, उपेंद्र कुमार, विकास कुमार, पीडी निरंजन, ब्रजेश श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव, विनोद कुमार, प्रह्लाद सिंह, हर्षवर्धन गुप्त, अखिलेश निरंजन सहित नगर के अनेक प्रतिष्ठित चिकित्सक एवं चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दिनेश उदैनिया ने किया तथा सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अवैध खनन व अतिक्रमण पर प्रशासनिक कार्रवाई से बढ़ी सियासी सरगर्मी, विधायक के बयान का वीडियो वायरल

( यंग भारत न्यूज )



**उरई** । जिले में अवैध खनन, अतिक्रमण और भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान के बीच राजनीतिक माहौल भी गरमा गया है। भाजपा विधायक गौरीशंकर वर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान पालिका अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जाहिर की है।

वीडियो में विधायक ने कहा कि क्षेत्र में ऐसे अधिकारियों को नहीं रहने दिया जाएगा। हालांकि उन्होंने किसी अधिकारी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनके बयान के बाद राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। जानकारी के अनुसार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट पिछले कुछ समय से जिले में अवैध खनन, खनिज परिवहन, अतिक्रमण और नियमों के विपरीत संचालित प्रतिष्ठानों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। हाल ही में होटल, मेडिकल स्टोर और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर हुई प्रशासनिक कार्रवाई के बाद जिले में प्रशासन की सख्ती चर्चा का विषय बनी हुई है। इसी बीच वायरल हुए वीडियो में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के तबादले की मांग से जुड़ी चर्चाओं ने मामले को और तूल दे दिया है। प्रशासन की कार्रवाई से प्रभावित वर्गों और कारोबारियों में हलचल के बीच यह मुद्दा अब राजनीतिक रंग लेता दिखाई दे रहा है। फिलहाल विधायक के बयान और वायरल वीडियो को लेकर जिले में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। वहीं, अवैध गतिविधियों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई जारी रहने से राजनीतिक और प्रशासनिक दोनों स्तरों पर हलचल बनी हुई है।

# जेल से छूटते ही बदला! जिस होटल में एक साल पहले की थी लूटपाट, उसी की दहलीज पर कारोबारी के बेटे का सरेआम कत्ल

( यंग भारत न्यूज )

**गाजीपुर।** प्रदेश के गाजीपुर जिले में होटल कारोबारी के बेटे की हत्या मामले में पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए कोतवाली प्रभारी को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है. होटल कारोबारी आलोक राय के बेटे को शुक्रवार की देर रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी.

घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी और हड़कंप मच गया था. जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 11 बजे विनीत राय अपने पिता द्वारा संचालित बिंदु होटल पहुंचे थे. आरोप है कि होटल के बाहर पहले से मौजूद कटरा गैंग के सरगना शंकर पांडे समेत 6 से 7 बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. फायरिंग में विनीत राय को करीब पांच गोलियां लगीं. गंभीर हालत में उन्हें मेडिकल कॉलेज स्थित जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. परिजनों का आरोप है कि कटरा गैंग के सरगना शंकर पांडे ने दो वर्ष पहले रंगदारी की मांग की थी. रंगदारी नहीं देने पर वर्ष 2024 में होटल में घुसकर तोड़फोड़ और लूट की थी. उस मामले में कार्रवाई के बाद शंकर पांडे जेल गया था, लेकिन अगस्त 2025 में जमानत पर रिहा हो गया था. परिजनों का दावा है कि जेल में रहते हुए भी वह अपने गैंग का संचालन करता रहा. इसकी के चलते उसने अपनी गैंग के साथ गोली मारकर विनीत की हत्या कर दी. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमा सक्रिय हो गया. मामले की गंभीरता को देखते हुए वाराणसी रेंज के डीआईजी वैभव कृष्ण और एडीजी पीयूष मोर्डिया भी गाजीपुर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात की. मृतक विनीत राय की शादी करीब एक वर्ष पहले हुई थी और दो महीने पहले ही उनकी पत्नी ने एक बेटे को जन्म दिया था. घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है. पत्नी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. इस हत्याकांड को लेकर राजनीतिक



प्रतिक्रियाएं भी सामने आई हैं. समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर घटना पर दुख जताते हुए इसे बेहद दुखद और निंदनीय बताया है. वहीं कांग्रेस ने भी प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए घटना की कड़ी निंदा की है. मामले में पुलिस अधीक्षक ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कोतवाली प्रभारी महेंद्र सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है. उनकी जगह गहमर के प्रभारी रहे प्रमोद सिंह को नया कोतवाल नियुक्त किया गया है. हत्याकांड के बाद जिले के होटल व्यवसायियों में डर का माहौल है. व्यापारियों ने डीआईजी और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है. पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

# फेरों के समय गुल हुई बिजली बदल गई दुल्हनें सुहागरात में हुआ खुलासा जाने फिर दूल्हों ने क्या किया

( यंग भारत न्यूज )

बिजली गुल होना बड़ी आम बात है। लेकिन मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में एक गांव में बिजली क्या गुल हुई हंगामा मच गया। एक शादी में बड़ा कांड हो गया। यहां फेरे के समय अचानक बिजली चली गई। अंधेरे में दुल्हनें आपस में बदल गई। फिर सुहागरात पर दुल्हनों के बदलने का खुलासा हुआ। इसके बाद जो हुआ वह किसी ने नहीं सोचा था। यह अनोखा मामला उज्जैन जिले के असलाना गांव का है। यहां 5 मई को दो बहनों की एक ही मंडप के नीचे धूमधाम से शादी हुई। दोनों ने एक जैसी दुल्हन की ड्रेस पहन रखी थी। दोनों घूंघट में थी और अपने-अपने दूल्हों संग फेरे लेने की तैयारी कर रही थी। लेकिन तभी बिजली चली गई। इस दौरान दोनों बहनों ने अपने दूल्हों की बजाय किसी दूसरे दूल्हों संग फेरे ले



लिए। हद तो तब हो गई जब दूल्हे पराई दुल्हनों को अपने घर भी ले गए। वह तो सुहागरात पर जब दुल्हन का घूंघट उठाया तो इस गोलमाल का पता चला। फिर दूल्हों ने ये बात परिवारवालों को बताई। यह हेरा फेरी देख परिवार की हक्का बक्का रह गया। दूल्हों ने इन गलत दुल्हनों को अपनाने से इनकार कर दिया। इसके बाद पंडित को कॉल किया गया। फिर दोनों परिवार का समझौता हुआ। दूल्हों को फिर से सही दुल्हनों संग बयाहा गया। ये खबर आप जस्ट अभी में पढ़ रहे हैं। दूल्हों के नाम भोला और गणेश हैं। दोनों भील समाज के हैं। गणेश की शादी निकिता से तय हुई थी। वहीं भोला की निकिता की बहन से फिक्स हुई थी। लेकिन बिजली जाने और दोनों दुल्हनों का आउटफिट एक सा होने के चलते अदला बदली हो गई। दुल्हन के पिता रमेश ने बताया कि सारा कन्फ्यूजन गाँव में बिजली जाने की वजह से हुआ था। हालांकि अब उन्होंने दोनों बेटियों की शादी फिर से सही दूल्हे से करवा दी है। अब सब कुछ ठीक है। वहीं ये अनोखा मामला पूरे गाँव में चर्चा का विषय भी बना हुआ है। बिजली जाने पर दुल्हनों की ऐसी अदला-बदली अक्सर फिल्मों में ही देखने को मिला करती थी। लेकिन आज इसे हकीकत में भी देख लिया। वैसे इस अनोखी शादी पर आपकी क्या राय है? यदि शादी के समय आपकी दुल्हन बदल जाए तो आप खुश होंगे या दुखी? अपने जवाब हमे कमेन्ट में जरूर दें।

# लखनऊ और गाजियाबाद में हत्याओं के बाद एक्शन मोड में सीएम योगी, कुछ अधिकारी हटाए गए, कुछ लाइन हाजिर

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों के साथ हुई वर्चुअल मीटिंग के दौरान नाराजगी जताई. प्रदेश में बढ़ रहे अपराध के बीच 8 जिलों के अधिकारियों के साथ सीएम योगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक की.

इस बैठक में पीजीआई में हुई प्रॉपर्टी डीलर संदीप सिंह की हत्या का सीएम योगी ने संज्ञान लिया और कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये. सूत्रों की मानें तो समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने विभूति खंड और गोमती नगर विस्तार थाने का लिया नाम. बैठक खत्म होते ही पूर्वी जोन के दो थानेदारों पर कार्रवाई की गई. सीपी अमरेन्द्र सेंगर ने अमर सिंह (इंस्पेक्टर विभूति खंड) और इंस्पेक्टर गोमती नगर विस्तार को लाइन हाजिर किया गया है. इधर, एसीपी विभूति खंड विनय



द्विवेदी भी हटाए गए हैं. सौम्या पांडेय को एसीपी विभूति खंड का कार्यभार सौंपा गया है. सीएम योगी आदित ?यनाथ ने देर रात कानून व्यवस्था की बैठक में फील्ड के अफसरों के पेंच कसे हैं. घटना पर सुस्त अधिकारियों को आज सीएम योगी ने जमकर फटकारा. सीएम योगी की डांट की चपेट में गाजियाबाद, जौनपुर, वाराणसी समेत तमाम अफसर आए हैं. दरअसल, क्राइम की बढ़ती घटनाओं खासकर लखनऊ में दिनदहाड़े हुए गोलीकांड पर सीएम योगी आदित्यनाथ बेहद नाराज हैं. 27 मई को प्रॉपर्टी डीलर 43 वर्षीय संदीप सिंह की दो अज्ञात हमलावरों ने पीजीआई थाने के पास बुधवार को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी थी. पुलिस के बताया कि यह घटना दोहपर करीब एक बजे हुई जिसकी सूचना पाकर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल संदीप सिंह को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. पुलिस ने बताया कि पीड़ित जौनपुर जिले के शिकारा क्षेत्र में तकारी गांव का निवासी था और अभी यहां वृंदावन योजना क्षेत्र में रह रहा था. पुलिस ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात हमलावरों ने संदीप सिंह पर गोली चलाई और फरार हो गए. आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने के लिए चार पुलिस टीमों का गठन किया गया है. पुलिस की टीमें क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं और सबूत जुटा रही हैं. पीड़ित की पत्नी प्रीति की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है. पुलिस के मुताबिक, सिंह प्रॉपर्टी डीलर था और उसने कल्ली पश्चिम इलाके में यादव मार्केट में अपना कार्यालय खोल रखा था. यह घटना उस समय हुई, जब वह अपनेऑफिस जा रहा था. गाजियाबाद के खोड़ा में बकरीद पर नाबालिग सूर्या चौहान की हत ?या कर दी गई थी. सूर्या चौहान हत्याकांड के मुख्य आरोपी असद को यूपी पुलिस ने आज एनकाउंटर में मार गिराया है, ये एनकाउंट गाजियाबाद के इंदिरापुरम में हुआ. दिल ?ली से सटे खोड़ा इलाके में बकरीद के दिन हुई सूर्या चौहान ही हत ?या ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी थी. असद हत ?याकांड को अंजाम देने के बाद फरार हो गया था. इधर, सूर्या चौहान की मौत के बाद उसके परिवारवाले और कई हिंदूवादी संगठन लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे थे.

# 'मेरे बच्चे को न्याय मिला, बाकी हत्यारों के घर पर बुलडोजर चला दो...', सूर्या की हत्या करने वाले असद के एनकाउंटर के बाद मां ने लगाई गुहार

( यंग भारत न्यूज )

हत्याकांड में मारे गए पीड़ित सूर्य प्रताप चौहान की मां सरोज ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद किया। आपको बता दें कि सूर्य प्रताप चौहान हत्याकांड का मुख्य आरोपी असद खोड़ा इलाके का रहने वाला था। वो मुठभेड़ में घायल होने के बाद मारा गया। सरोज ने कहा, 'मैं पीएम मोदी, सीएम योगी और मीडिया के उन लोगों का भी धन्यवाद करती हूं जिन्होंने हमारी आवाज उठाई और मेरे बच्चे को न्याय मिला... बाकी छह आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चला देना चाहिए।' इस बीच, उत्तर प्रदेश के मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने पीड़ित के घर का दौरा किया और जोर देकर कहा कि राज्य में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने से कहा, 'उत्तर प्रदेश में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। जो भी अपराध करेगा, उसे कड़ी सजा मिलेगी। सूर्य चौहान के हत्यारे असद ने पहले एक नाबालिग बच्चे की बेरहमी से हत्या की और फिर पुलिस पर हमला किया। इसलिए, उसे उसका उचित न्याय मिल गया है। सरकार पूरी तरह से



कानून के दायरे में रहकर काम करती है और नियमों का पालन करती है... इस अपराधी को आज पुलिस ने एक मुठभेड़ में मार गिराया। बाकी साथियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी, और कानून पूरी तरह से निष्पक्ष रहेगा।' इससे पहले दिन में, गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने बताया कि असद, जिस पर 50,000 रुपये का इनाम था, खोड़ा पुलिस थाना क्षेत्र में खोड़ा और इंदिरापुरम पुलिस थानों की टीमों द्वारा की गई एक मुठभेड़ में मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि खोड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत गाजियाबाद इलाके में एक युवक द्वारा चाकू मारे जाने के बाद एक किशोर की मौत हो गई। इंदिरापुरम के एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने शुक्रवार को कहा, '28 मई को दोपहर करीब 3.30 बजे, खोड़ा पुलिस थाने में सूचना मिली कि एक युवक को दूसरे लड़के ने चाकू मार दिया है।

यह सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और बच्चे को इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। परिवार से एक लिखित शिकायत मिली है, और आरोपी पर संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

# बकरे की कुर्बानी से आहत मुस्लिम युवक ने अपनाया सनातन धर्म, बिलाल से बना विशाल; मुंडन कराकर शिव मंदिर में की पूजा

( यंग भारत न्यूज )

**खंडवा।** मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में एक अनोखी घटना सामने आई है। यहां एक मुस्लिम युवक ने बकरीद की कुर्बानी से आहत होकर सनातन धर्म स्वीकार कर लिया। मामला जिले के महादेवगढ़ मंदिर का है, जहां मुस्लिम युवक ने सनातन धर्म अपना लिया।

युवक ने बाकायदा अपना सिर मुंडवाकर अनुष्ठान के माध्यम से सनातन धर्म को स्वीकार किया। युवक ने अपना नाम बिलाल ने 'विशाल' कर लिया है। उसका कहना है कि उसने अपने जीवन के एक नए अध्याय की शुरुआत की है। खिरकिया के रहने वाले बिलाल के इस सफरनामे के पीछे एक लंबी मानसिक कशमकश और हृदय परिवर्तन की कहानी है। बिलाल ने महादेवगढ़ के प्रमुख अशोक पालीवाल के सामने अपनी कहानी बताई और कहा कि वह अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन करना चाहता है। उसने बताया कि वह बचपन से ही इस्लाम धर्म में बकरीद के त्योहार पर होने वाले बड़े पैमाने पर मूक पशुओं के कत्लेआम से बेहद आहत था। त्योहार के नाम पर बेजुबान जानवरों की बेरहमी से की जाने वाली हत्याएं उसके संवेदनशील मन को झकझोर देती थीं। समय के साथ यह आहत भाव इतना गहरा गया कि उसने सनातन धर्म अपनाने का निश्चय कर



लिया। युवक ने बताया कि वह काफी समय से खंडवा के प्रसिद्ध महादेवगढ़ मंदिर की महिमा के बारे में सुन रहा था। हाल ही में दो दिन पहले जब पूरे देश में बकरीद का त्योहार मनाया गया, तब वहां दी गई पशुओं की कुर्बानी को देखकर उसका दिल पूरी तरह टूट गया। इसी दौरान उसने पुरुषोत्तम मास की मान्यता के बारे में सुना। ऐसा कहा जाता है कि इस महीने में भगवान स्वयं धरती पर आकर विराजते हैं, जिसके बाद उसने सनातन धर्म अपनाने का फैसला किया। महादेवगढ़ में बिलाल की घर वापसी के लिए एक बेहद भव्य और विधि-विधान पूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपनयन संस्कार के इस पावन अनुष्ठान में '10 विधि स्नान' कराया गया। इस शुद्धिकरण प्रक्रिया में युवक को गंगाजल, गो-दुग्ध, पंचामृत, गोमूत्र, गौ-गोबर, तुलसी रज, फल, धातु, पंचगव्य और कोष से स्नान कराया गया। सनातन धर्म की परंपराओं के अनुसार मंत्रोच्चार के बीच उसकी घर वापसी संपन्न हुई। इस मौके पर महादेवगढ़ में सैकड़ों की संख्या में सनातन धर्म के कार्यकर्ता और आम श्रद्धालु मौजूद रहे। शुद्धिकरण और उपनयन संस्कार के बाद भगवान महादेव की भव्य महाआरती की गई। पूरा मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' और 'जय श्री राम' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम के समापन पर मंदिर प्रबंधन की ओर से विशाल को सनातन जीवन पद्धति को समझने और सही मार्ग पर चलने के लिए पवित्र ग्रंथ 'रामायण' भेंट की गई। बिलाल से विशाल बने युवक ने अब पूरी तरह से हिंदुत्व की राह पर चलने का संकल्प लिया है।

# नाबालिग लड़की को शादीशुदा महिला से हुआ प्यार..! एक ने की आत्महत्या की कोशिश, थाने पर रातभर चला हंगामा; लेस्बियन रिलेशनशिप से परिवार परेशान

( यंग भारत न्यूज )

उत्तराखंड के सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में एक शादीशुदा महिला और नाबालिग किशोरी के बीच कथित प्रेम संबंध का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। परिवारों के विरोध के बावजूद दोनों एक-दूसरे के साथ रहने की जिद पर अड़ी रहीं।



लेस्बियन रिलेशनशिप का मामला इतना बढ़ गया कि किशोरी ने कथित तौर पर आत्महत्या का प्रयास कर लिया, जिसके बाद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, पिथौरागढ़ शहर के समीप स्थित एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी का परिचय उसी क्षेत्र में रहने वाली 28 वर्षीय शादीशुदा महिला से हुआ था। महिला का एक छोटा बच्चा है, जबकि उसका पति नौकरी के सिलसिले में अधिकांश समय दूसरे शहर में रहता है। बताया जा रहा है कि किशोरी अपने रिश्तेदारों के यहां अक्सर आती-जाती थी, जहां उसकी मुलाकात महिला से हुई और दोनों के बीच बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ। समय के साथ दोनों की दोस्ती गहरी होती गई और कथित तौर पर यह रिश्ता प्रेम संबंध में बदल गया। परिवारों को जब इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने इसका विरोध किया और दोनों को अलग रहने की सलाह दी। परिजनों ने कई तरह की पाबंदियां भी लगाईं, लेकिन दोनों अपने फैसले पर कायम रहीं। बताया जा रहा है कि परिवारों के लगातार विरोध और अलग किए जाने की कोशिशों से किशोरी मानसिक रूप से परेशान हो गई। चार दिन पहले उसने कथित रूप से खाई में कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। हालांकि समय रहते उसे बचा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। इस घटना के बाद दोनों परिवारों में हड़कंप मच गया और मामला पुलिस तक पहुंच गया। बुधवार रात दोनों परिवारों के सदस्य झूलाघाट थाने पहुंचे, जहां देर रात तक बातचीत और समझाइश का दौर चलता रहा। पुलिस अधिकारियों ने किशोरी और महिला दोनों को कानूनी पहलुओं, उम्र संबंधी नियमों, सामाजिक परिस्थितियों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से समझाने का प्रयास किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों अपने रिश्ते को लेकर अडिग रहीं और साथ रहने की इच्छा जताती रहीं। इससे थाने में कई घंटों तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। झूलाघाट थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए किशोरी की काउंसलिंग कराई गई है। उसकी सुरक्षा और मानसिक स्थिति को देखते हुए उसे वन स्टॉप सेंटर भेजा गया है, जहां विशेषज्ञ उसकी देखभाल और परामर्श देंगे। वहीं शादीशुदा महिला को कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए चेतावनी दी गई है और उसे उसके परिवार के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि चूंकि मामले में एक पक्ष नाबालिग है, इसलिए सभी कानूनी और संवेदनशील पहलुओं को ध्यान में रखकर कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि दोनों परिवारों से भी लगातार संपर्क बनाए रखा जा रहा है ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना दोबारा न हो। फिलहाल यह मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# 30 साल बाद इन 10 देश में सबसे ज्यादा होंगी हिंदुओं की आबादी, भारत में होंगे सबसे ज्यादा मुस्लिम

( यंग भारत न्यूज )

अमेरिकन थिंक टैंक प्यू रिसर्च सेंटर की ओर से की गई एक रिसर्च के अनुसार आने वाले सालों में कई सारे देशों में हिंदुओं की आबादी बढ़ने वाली है। अगले 40 सालों में भारत के अलावा कई ऐसे देश हैं जहां हिंदू आबादी का बोलबाला होगा।

प्यू की ओर से की गई इस स्टडी में पाया गया है कि साल 2050 में हिंदू धर्म के लोगों की आबादी वैश्विक आबादी की 15% होगी। हिंदुओं की सबसे अधिक आबादी आने वाले समय में भारत में होंगे। ये खबर आप गज़ब वायरल में पढ़ रहे हैं। साल 2050 तक इनकी आबादी 1.297 बिलियन हो सकती है। वहीं भारत के अलावा अन्य वो कौन से देश हैं। जहां पर हिंदू धर्म पर विश्वास करने वाले लोगों की संख्या बढ़ने वाली है। उसकी जानकारी इस प्रकार है। भारत के बाद दूसरे नंबर पर नेपाल है। जहां हिंदुओं की आबादी 38.12 मिलियन होगी। साल 2011 की नेपाल की जनगणना के अनुसार यहां लगभग 81.3 प्रतिशत नेपाली लोगों ने खुद को हिंदू बताया है। साल 2006 से पहले ये देश हिंदू राष्ट्र रह चुका है। बाद में इस देश को



धर्मनिरपेक्ष घोषित किया गया था। तीसरे स्थान पर बांग्लादेश इस सूची में है। साल 2011 में यहां हुई जनगणना के अनुसार इस देश में हिंदू धर्म माइनोरिटी हैं। यहां पर लगभग 8.96% आबादी हिंदू की है। आने वाले समय में इस देश में हिंदू की आबादी काफी बढ़ने वाली है। सबसे ज्यादा हिंदू आबादी वाले देश की सूची में पाकिस्तान चौथे स्थान पर होगा। पाकिस्तान में लगभग 5.63 मिलियन हिंदू आने वाले समय में होंगे। हालांकि इस समय पाकिस्तान में हिंदूओं की हालत काफी बुरी है। इस सूची में पांचवे स्थान पर अमेरिका देश होगा। प्यू रिसर्च सेंटर के मुताबिक साल 2050 में यहां पर हिंदू धर्म के लोगों की संख्या 4.78 मिलियन होगी। साल 2015 में अमेरिका की हिंदू आबादी 22.3 लाख हो चुकी थी। इंडोनेशिया में साल 2050 में हिंदू आबादी 4.15 मिलियन होने वाली है। इंडोनेशिया एक मुस्लिम देश है यहां पर हिंदू धर्म अल्पसंख्यक हैं। लेकिन तेजी के साथ ही इस देश में अब हिंदूओं की आबादी बढ़ रही हैं। अमेरिकन थिंक टैंक प्यू रिसर्च सेंटर के अनुसार ऊपर बताए गए देशों के अलावा श्रीलंका, मलेशिया, यूनाइटेड किंगडम और कनाडा में भी हिंदू धर्म के लोगों की आबादी बढ़ सकती है। इनकी ओर से की गई रिसर्च में कहा गया है कि हिंदुओं धर्म के अलावा ईसाई धर्म और मुस्लिम आबादी भी काफी बढ़ने वाली है। आने वाले समय में दुनिया में पहली बार ईसाई और मुस्लिम धर्म आबादी भी लगभग बराबर होने वाली है। अमेरिकी थिंक टैंक प्यू रिसर्च सेंटर के अनुसार वर्तमान में सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी इंडोनेशिया में है। इस देश में 219960,000 मुसलमान रहते हैं। वहीं मुस्लिम आबादी के मामले में दूसरा देश भारत है। भारत में मुसलमानों की आबादी 194,810,000 है। प्यू रिसर्च के मुताबिक, 2060 तक भारत सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी वाला देश बन जाएगा। 2060 तक भारत में मुस्लिम आबादी 3,33,090,000 होगी। 2060 तक पाकिस्तान की कुल आबादी में 96.5 फीसदी आबादी मुस्लिम होगी। इस सूची में तीसरे स्थान पर नाइजीरिया होगा, यहां पर मुस्लिम आबादी 28.31 करोड़ होगी।

# कम उम्र में खेल का दबाव: बचपन और भविष्य दोनों दांव पर

▶▶ ओवर-ट्रेनिंग, मानसिक तनाव और पेरेंट्स का दबाव भी कर रहा खेल से दूर

▶▶ डॉक्टर्स और कोच बोले, सही उम्र में सही ट्रेनिंग ही बनाएगी सफल खिलाड़ी

▶▶ कम उम्र में एक ही खेल पर जोर से बढ़ रहीं चोटें, बर्नआउट और खेल छोड़ने की घटनाएं

▶▶ ग्रोथ प्लेट इंजरी, मानसिक दबाव और थकान बच्चों के करियर पर डाल रहे असर

▶▶ खेल को आनंद की तरह लें, बच्चों पर चैंपियन बनने का बोझ न डालें

## विशेषज्ञों की चेतावनी: खेल के जुनून में बढ़ रहीं गंभीर चोटें, सावधानी जरूरी

13-15 साल से पहले अर्ली स्पेशलाइजेशन को विशेषज्ञों ने बताया नुकसानदेह

। रोहतक

आज के प्रतिस्पर्धी दौर में कम उम्र में बच्चों पर खेल में सफल होने का दबाव तेजी से बढ़ रहा है, जिसका असर उनके बचपन और भविष्य दोनों पर पड़ रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, छोटी उम्र में एक ही खेल पर अत्यधिक फोकस और ओवर-ट्रेनिंग से बच्चों में गंभीर चोटें, मानसिक तनाव, थकान और खेल से दूरी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। डॉक्टरों और कोचों का कहना है कि 13-15 साल से पहले अर्ली स्पेशलाइजेशन बच्चों के शारीरिक विकास के लिए नुकसानदेह हो सकता है। ग्रोथ प्लेट इंजरी, लिगामेंट डैमेज और बर्नआउट के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि बच्चों को पहले खेल का आनंद लेने दें, विविध खेलों का अनुभव दें और उम्र के अनुसार ही ट्रेनिंग कराएं। सही मार्गदर्शन, संतुलित आहार और पर्याप्त आराम ही बच्चों को लंबे समय तक सफल खिलाड़ी बना सकता है।

### 70% युवा खिलाड़ी 13 वर्ष की उम्र तक छोड़ देते हैं खेल



आंकड़ों के अनुसार अत्यधिक दबाव के कारण करीब 70% खिलाड़ी 13 वर्ष की उम्र तक खेल ही छोड़ देते हैं। लड़कियों में 13 से 15 वर्ष और लड़कों में 15 से 17 वर्ष की उम्र तक ग्रोथ प्लेट (हड्डियों के छोर पर बनी नरम उपास्थि) खुली रहती है। यह हिस्सा बेहद नाजुक होता है। कम उम्र में अत्यधिक अभ्यास से गंभीर चोटें देखी जा रही हैं। 5-6 वर्ष से पहले बच्चों पर सिर्फ फ्री प्ले (दौड़ना, कूदना) का फोकस होना चाहिए। 6-9 वर्ष की आयु में सरल नियम वाले और 10-12 वर्ष के बाद ही जटिल रणनीति वाले टीम खेलों में बच्चों को डालना चाहिए। 13-15 वर्ष से पहले सिर्फ एक खेल पर पूरा ध्यान केंद्रित करने की बजाय उन्हें विविध खेलों का अनुभव दें ताकि वे बर्नआउट और मानसिक तनाव से बच सकें। -डॉ. राजेश रोहिल्ला, वरिष्ठ प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, खेल चिकित्सा विभाग, पीजीआईएमएस रोहतक



एआई जेनरेटिड फोटो।

### इन चोटों का खतरा अधिक

▶▶ ग्रोथ प्लेट इंजरी: हड्डियों के सिरों पर मौजूद नरम हिस्से पर दबाव पड़ने से ग्रोथ प्रभावित हो सकती है।

▶▶ लिटिल लीगर शोल्डर: तेज गेंदबाजी या ओवरहेड थ्रो से कंधे की ग्रोथ प्लेट में सूजन और दर्द।

▶▶ जिमनास्ट्स रिस्ट: कलाई पर लगातार दबाव पड़ने से सूजन और कमजोरी।

▶▶ लिगामेंट इंजरी: कुश्ती, कबड्डी और फुटबॉल जैसे खेलों में घुटने व कंधे के लिगामेंट फटने का खतरा।

▶▶ ओसगुड-श्लैटर बीमारी: घुटनों के नीचे दर्द और सूजन, जो तेजी से बढ़ते बच्चों में ज्यादा देखी जाती है।

▶▶ मांसपेशियों में खिंचाव: बिना आराम और ओवर-ट्रेनिंग से मसल स्ट्रेन।

▶▶ स्ट्रेस फ्रैक्चर: लगातार दबाव के कारण हड्डियों में महीन दरारें।

▶▶ पीठ और रीढ़ की समस्या: गलत तकनीक और भारी ट्रेनिंग से कमर दर्द व रीढ़ पर असर।

▶▶ मानसिक बर्नआउट: लगातार दबाव से तनाव, आत्मविश्वास में कमी और खेल छोड़ने की स्थिति।

▶▶ लंबाई रुकने का खतरा: गंभीर ग्रोथ प्लेट डैमेज होने पर शारीरिक विकास प्रभावित हो सकता है।

### कुश्ती के लिए 7 से 8 साल की उम्र सही



कुश्ती की शुरुआत करने के लिए बच्चे की सही उम्र कम से कम 7 से 8 साल होनी चाहिए। इससे छोटे बच्चों को सीधे मैट या अखाड़े में उतारने के बजाय पहले जिम्नास्टिक करानी चाहिए। जिम्नास्टिक से बच्चों के शरीर में बेहतरीन लचीलापन (फ्लेक्सिबिलिटी) आता है, जिसकी कुश्ती में सबसे ज्यादा जरूरत होती है। अंडर-14 जैसे छोटे बच्चों को बड़ों की तरह हैवी ट्रेनिंग नहीं देनी चाहिए। मैदान पर वॉर्म-अप और कूल-डाउन का पूरा ध्यान रखना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही अखाड़े या मैट की स्थिति (मिट्टी की नमी, मैट के बीच का गैप आदि) को जांचना आवश्यक है। बच्चों को जबरदस्ती बहुत ज्यादा खिलाने के बजाय प्रोटीन, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर संतुलित आहार देना चाहिए। -रणबीर ढाका, कुश्ती कोच

### बॉक्सिंग में हाइट सबसे पहला पैमाना



मुक्केबाजी शुरू करने की सही उम्र 6 से 12 साल के बीच है। बॉक्सिंग में लंबी हाइट (कद) वाले बच्चों के कामयाब होने के चांस सबसे ज्यादा होते हैं। अगर हाइट कम है, तो रिंग में आगे बढ़ना बेहद मुश्किल हो जाता है। खिलाड़ियों का चयन करने के लिए हाइट के बाद जंप (ब्रॉड जंप, हाई जंप) और स्पीड परखने के लिए शटल रनिंग करवाई जाती है। इस उम्र से खिलाड़ियों की स्ट्रेंथ ट्रेनिंग शुरू कर दी जाती है, क्योंकि 13 साल का बच्चा अपने पहले ऑफिशियल कॉम्पिटिशन में उतरने के लिए तैयार हो जाता है। आजकल पेरेंट्स का बढ़ता हस्तक्षेप ठीक नहीं है। इससे गेम डाउन आ रहा है। -संजीव, बॉक्सिंग कोच

### छोटे बच्चों की स्ट्रेचिंग ज्यादा करवाएं



कबड्डी में आमतौर पर 12 साल की उम्र के बच्चे आते हैं। छोटे बच्चों की स्ट्रेचिंग ज्यादा करवाई जाती है। छोटे बच्चों के लिए एक्सरसाइज के रेपिटिशन कम रखे जाते हैं, जबकि बड़े खिलाड़ियों के लिए इन्हें बढ़ा दिया जाता है। शुरुआत में बच्चों को सीधे कठिन ट्रेनिंग देने के बजाय उनमें खेल के प्रति आदत डालना और रुचि पैदा करना मुख्य उद्देश्य होता है। बच्चे के शारीरिक ढांचे और बनावट के हिसाब से खेल का चयन किया जाता है। इसके लिए बैटरी टेस्ट लिया जाता है। इससे यह देखा जाता है कि बच्चा खड़े-खड़े कितनी दूर तक कूद सकता है, जिससे पैरों की ताकत का पता चलता है। -विमेश खर्ब, कबड्डी कोच

### शुरूआत में एक ही खेल पर फोकस न करें



क्रिकेट की शुरुआत 4 से 5 साल की उम्र में की जा सकती है। इस उम्र में इसे सिर्फ खेल की बुनियादी शुरुआत के तौर पर देखा जाना चाहिए। जिम्नास्टिक, स्विमिंग और एथलेटिक्स वे ऐसे खेल हैं जो हर खिलाड़ी के लिए 'बेस' (आधार) का काम करते हैं। अगर शुरुआती स्तर पर बच्चे को इनमें से कुछ सिखाया जाए, तो आगे चलकर वह किसी भी खेल में बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। 5 साल के बच्चे और 11-12 साल के बच्चे की ट्रेनिंग एक जैसी नहीं हो सकती। 5 साल के बच्चे की ट्रेनिंग भी 'प्ले स्कूल' की तरह होनी चाहिए। इसमें सिर्फ उठना-बैठना और खेल का आनंद लेना सिखाया जाता है। इस उम्र में उन पर भारी-भरकम किताबें या कठिन प्रैक्टिस का बोझ डालना गलत है। -बबलू, कोच क्रिकेट



ऑरेंज कैप | पर्पल कैप
वैभव सूर्यवंशी | कगिसो रबाडा
776 रन | 26 विकेट
राजस्थान | गुजरात

### अंडर-18 महिला एशिया कप
## नौशीन के दो गोल से भारत ने मलेशिया को हराया

काकामिगाहारा (जापान)। फॉरवर्ड नौशीन नाज की दो गोल की मदद से भारत ने शनिवार को यहां अंडर-18 महिला एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप के पूल ए के एक मैच में मलेशिया को 2-1 से हराकर विजयी शुरुआत की। मैच के पहले क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ, लेकिन नौशीन ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर 19वें मिनट में भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। नौशीन ने इसके बाद 28वें मिनट में एक और शानदार गोल दागा। उन्होंने मलेशिया की गोलकीपर को चकमा देते हुए सटीक शॉट लगाया और भारत की बढ़त को 2-0 कर दिया जिससे मध्यांतर तक भारत मजबूत स्थिति में रहा।

## उलटफेर का शिकार हुए जोकोविच, नया पुरुष चैंपियन बनना तय

पेरिस। विश्व नंबर-एक कार्लोस सिनर के बाहर होने के बाद अब दिग्गज नोवाक जोकोविच के भी उलटफेर का शिकार हो जाने से फ्रेंच ओपन में पुरुष एकल खिताब की दौड़ पूरी तरह खुल गई है और यह तय हो गया है कि रोलां गैरो को नया चैंपियन मिलेगा। ब्राजील के 19 वर्षीय खिलाड़ी जोआओ फोंसेका ने तीसरे दौर में जोकोविच को पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में 4-6, 4-6, 6-3, 7-5, 7-5 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। यह मुकाबला चार घंटे से अधिक समय तक चला और अंत तक बेहद संघर्षपूर्ण रहा।

### मुकाबला आज अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से

# बेंगलुरु दूसरी बार जीतना चाहेगी ट्रॉफी मजबूत गुजरात खिताब छीनने बेकरार

*अहमदाबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार दूसरी बार खिताब जीतने के सपने को पूरा करने के लिए रविवार को मैदान में उतरेगी तो उसके सामने गुजरात टाइटंस की कड़ी चुनौती होगी जो किसी भी हालत में खिताब अपनी झोली में डालना चाहेगी। आरसीबी ने अपने आक्रामक और बेखौफ अंदाज से टूर्नामेंट में दबदबा कायम किया है, तो वहीं टाइटंस ने धैर्य और संयमित खेल से प्रभावित करते हुए पांच वर्षों में तीसरी बार फाइनल का टिकट पक्का किया है। कागजों पर मौजूदा चैंपियन आरसीबी को 2022 की विजेता टाइटंस के खिलाफ मजबूत दावेदार माना जा रहा है, क्योंकि इस पूरे टूर्नामेंट में उनका बेखौफ और जोखिम भरा खेल बेहद प्रभावशाली रहा है।*

### प्रतियोगिता जीतने मजबूत गेंदबाजी की जरूरत : रजत

कप्तान रजत पाटीदार को भरोसा है कि भुवनेश्वर कुमार की अगुवाई वाला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मजबूत गेंदबाजी आक्रमण टीम को लगातार दूसरी बार आईपीएल खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाएगा। आरसीबी रविवार को यहां आईपीएल 2026 के फाइनल में गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी। पाटीदार ने खिताबी मुकाबले से पहले आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि किसी भी बड़ी प्रतियोगिता को जीतने के लिए मजबूत गेंदबाजी इकाई का होना बेहद जरूरी है।

**बड़े स्कोर का बचाव अधिक मुश्किल काम**

उन्होंने कहा, "अगर आपको टूर्नामेंट जीतना है तो आपके पास मजबूत गेंदबाजी आक्रमण होना चाहिए। इस विकेट पर 200-220 रन बनाना अपेक्षाकृत आसान है, लेकिन इतने बड़े स्कोर का बचाव करना कहीं अधिक मुश्किल होता है। इसलिए बेहतर गेंदबाजी इकाई सफलता की कुंजी है।"

**गेंदबाजी की रीढ़ हैं भुवनेश्वर कुमार**

पाटीदार ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन कर रहे अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की जमकर सराहना की। उन्होंने 15 मैचों में 26 विकेट लेने वाले भुवनेश्वर को आरसीबी के गेंदबाजी आक्रमण की रीढ़ बताया।









## भारत ने तीसरे दिन तीन स्वर्ण पदक जीते पदक तालिका में दूसरे स्थान पर कायम

हांगकांग

भारतीय खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण पदक जीतकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और शनिवार को यहां एशियाई अंडर-20 चैंपियनशिप के तीसरे दिन पदक तालिका में दूसरा स्थान बनाए रखा। निखिल चंद्रशेखर (3000 मीटर स्टीपलचेज), बसंत (ऊंची कूद) और शाहनवाज खान (लंबी कूद) ने भारत के स्वर्ण पदक की संख्या को बढ़ाकर सात कर दिया। भारत ने शुक्रवार को चार स्वर्ण पदक जीते थे। निखिल चंद्रशेखर ने 9:25.44 सेकंड के समय से पहला स्थान हासिल किया। यह उनका अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन था। शाहनवाज खान ने दबदबा बनाते हुए दूसरा स्वर्ण पदक जीता। दिन की उनकी सबसे लंबी कूद 7.84 मीटर थी। उनके हमवतन जिथिन अर्जुनान रमन चंद्रशेखरन ने 7.66 मीटर की कूद से रजत पदक जीता। शनिवार को भारत का तीसरा स्वर्ण पदक बसंत ने 2.20 मीटर की ऊंची कूद लगाकर दिलाया। आरती ने पदक तालिका में एक कांस्य पदक जोड़ा। उन्होंने महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में 24.12 सेकंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया जो उनका अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन था। भूमिका संजय नेहते 24.13 सेकंड के समय के साथ बहुत कम अंतर से चौथे स्थान पर रहीं। चीन 10 स्वर्ण पदक के साथ पदक तालिका में सबसे आगे है। भारत सात स्वर्ण पदक के साथ फिलहाल पदक तालिका में दूसरे स्थान पर है।





### मनु और राणा ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता

म्यूनिख। भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और सम्राट राणा ने शनिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। ओलंपिक पदक विजेता मनु और राणा की जोड़ी ने फाइनल में 483.6 का स्कोर करके भारत के लिए पोडियम पर जगह पक्की की। चीन के कियानक्सुन याओ और काई हू ने कुल 483.9 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि चीन के ही शेन यिफ़ाओ और यू शुआईहांग ने 418.0 के स्कोर के साथ कांस्य पदक से संतोष किया। भारतीय जोड़ी 582 के कुल स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहकर पदक दौर के लिए क्वालीफाई किया। दो ओलंपिक पदक विजेता मनु ने 292-12 एक्स का जबकि मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन राणा ने 290-9 एक्स का स्कोर किया। इससे वे यिफ़ाओ और शुआईहांग की चीनी जोड़ी से ठीक पीछे रहे जिन्होंने 584 के स्कोर के साथ क्वालीफायर में शीर्ष स्थान हासिल किया था। इसी स्पर्धा में अन्य भारतीय प्रतिभागियों सुरुचि इंदर सिंह और श्रवण कुमार ने कुल 575 के स्कोर के साथ 10वां स्थान हासिल किया।



### सात्विक-चिराग की जोड़ी ने फाइनल में बनाई जगह

सिंगापुर। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी ने शनिवार को यहां सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में कोरिया के किम वोन हो और सियो सेउंग जे की शीर्ष वरीयता प्राप्त और दुनिया की नंबर एक जोड़ी को सीधे गेम में हराकर उलटफेर करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। भारत की चौथी वरीय जोड़ी ने 52 मिनट चले सेमीफाइनल में मौजूदा विश्व चैंपियन जोड़ी को और जे को 21-19, 21-18 से मात दी। अब रविवार को होने वाले फाइनल मुकाबले में भारतीय जोड़ी का सामना इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी तथा चीन के लियांग वेई कांग और वांग चांग की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।



## भारतीय महिला हॉकी टीम आस्ट्रेलिया से हारी, चार मैचों की श्रृंखला 2-2 से बराबर

पर्थ

भारतीय महिला हॉकी टीम चार मैचों की दोस्ताना श्रृंखला के आखिरी मैच में आस्ट्रेलिया से 2-3 से हार गई जिससे श्रृंखला 2-2 से बराबरी पर खत्म हो गई। भारत ने दूसरे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर नवनीत कौर के गोल के दम पर बढ़त बना ली थी। दूसरे क्वार्टर में दीपिका सोरेंग ने 23वें मिनट में गोल करके भारत की बढ़त दुगुनी कर दी।



### ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे क्वार्टर में की वापसी

*आस्ट्रेलिया ने तीसरे क्वार्टर में एबी विल्सन (42वें) और ओलिविया डाउनेस (44वें) के गोल के दम पर वापसी की। कर्टनी शोनेल ने 53वें मिनट में गोल करके आस्ट्रेलिया को 3-2 से जीत दिलाई। इस हार के बावजूद यह दौरा भारत के लिए अच्छा रहा। पहला मैच हारने के बाद भारत ने दो मैच जीतकर वापसी की। न्यूजीलैंड में 15 से 21 जून तक होने वाले एफआईएच नेशंस कप से पहले भारतीय टीम ने जबर्दस्त जुझारूपन, अनुशासन और जुझारूपन दिखाते हुए अपनी तैयारी पुख्ता की।*

### अंडर-17 एशियाई कुश्ती: भारतीय महिलाओं ने जीते 10 पदक

नई दिल्ली। भारत की महिला पहलवानों ने वियतनाम के दा नांग में हुई अंडर-17 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 10 पदक जीते जिसमें दो स्वर्ण, तीन रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं। दीक्षा और वरिशा ने टीम की अगुवाई की। उन्होंने अपने-अपने फाइनल मुकाबलों में जबरदस्त जीत हासिल करते हुए स्वर्ण पदक जीते। भारत ने निकिता (49 किग्रा), अंतरा (65 किग्रा) और तानिशा (69 किग्रा) के जरिए तीन रजत पदक भी अपने नाम किए। कांस्य पदक जीतने वालों में फलक (40 किग्रा), जसमित (46 किग्रा), अक्षरा (53 किग्रा), साक्षी (57 किग्रा) और मान्या (61 किग्रा) शामिल हैं। इन सभी ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर पोडियम पर जगह बनाई। कांस्य पदक मुकाबले में फलक ने अरुके कुर्मांकोझा नुरबेकोवा को, जसमित ने इंदु बखतियार को, अक्षरा ने एमा अराकावा को, साक्षी ने शिरिंग यांग को और मान्या ने अद्रिलेरिया पोलान्को को हराया।

### सभी भार वर्ग में हरियाणा की महिला पहलवानों का चयन

# एशियन गेम्स ट्रायल में हरियाणा की बेटियों का दबदबा

रोहतक

दिल्ली के इंदिरा गांधी (आईजी) स्टेडियम में शनिवार को एशियन गेम्स की फाइनल ट्रायल आयोजित की गई। इसमें 6 भार वर्गों में महिला खिलाड़ियों का चयन किया गया। सभी भार वर्ग में हरियाणा की महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम में जगह बनाई। ये खिलाड़ी 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक जापान में होने वाले एशियन गेम्स में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। 50 किलोग्राम भार वर्ग में रोहतक की दीपांशी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चयन समिति को प्रभावित किया और टीम में जगह बनाई। वहीं 53 किलोग्राम भार वर्ग में हिसार की स्टार पहलवान अंतिम पंघाल देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। 57 किलोग्राम भार वर्ग में जींद की मनीषा भानवाला ने अपनी चुनौती पेश करते हुए बाजी मारी। इसके अलावा, 62 किलोग्राम भार वर्ग में रोहतक की मानसी अहलावत और 68 किलोग्राम भार वर्ग में पानीपत की पहलवान निशा दहिया ने अपनी श्रेणियां जीतीं। 76 किलोग्राम भार वर्ग में जींद की प्रिया मलिक ने दमदार खेल दिखाते हुए एशियाई गेम्स का टिकट हासिल किया। दीपांशी, मनीषा और मानसी रोहतक के छोटूराम स्टेडियम में कोच मनदीप के पास अभ्यास करती हैं। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर ने सभी महिला पहलवानों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि जब हमारी बेटियां मैट पर उतरती हैं, तो वे सिर्फ मुकाबला नहीं जीततीं, बल्कि यह साबित करती हैं कि हरियाणा की खेल संस्कृति देश में सर्वश्रेष्ठ क्यों है। मुझे पूरा विश्वास है कि ये बेटियां जापान में होने वाले एशियन गेम्स में भी इसी प्रदर्शन को दोहराएंगी और देश के लिए मेडल जीतकर लाएंगी। कोच मनदीप ने भी विजेता खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।





### प्रिया मलिक जींद के निडानी की

*मनीषा भानवाला ने 2025 में चौथी रैंकिंग सीरीज में कांस्य पदक जीता। 2016 सब जूनियर एशियन में स्वर्ण पदक, 2017 कॉमनवेल्थ गेम्स में कांस्य, 2022 वर्ल्ड रैंकिंग में स्वर्ण और 2023 वर्ल्ड रैंकिंग में कांस्य पदक जीता। 2025 में एशियन चैंपियनशिप में चैंपियन बनी हैं। 17 साल बाद कोई भारत की लड़की चैंपियन बनी है। प्रिया मलिक जींद जिले के निडानी गांव की खिलाड़ी है। प्रिया ने 2023 में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। पानीपत की निशा दहिया ने 2022 में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। 2022 में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता है।*

### दीपांशी ने गोल्ड जीता था

*2024 में एशियन चैंपियनशिप में साथ रिटायर निवासी दीपांशी ने स्वर्ण पदक जीता था। मानसी ने बताया कि मेरी बचपन से ही रुचि कुश्ती में थी। जिम्नास्टिक के साथ शुरुआत की, क्योंकि घरवालों ने कहा था कि पहले थोड़ा खेल और जिम्नास्टिक कर ले इससे भविष्य में इंजरी का खतरा कम होगा। दो साल जिम्नास्टिक की और कुश्ती खेलना शुरू किया। 2024 में अम्मान में हुई सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। तिराना में हुई सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। 2023 एशियन गेम्स में भाग लिया।*

# नगर में बीएड प्रवेश परीक्षा पूर्ण पारदर्शिता और शांति पूर्वक हुई संपन्न, एआई से हुई निगरानी

- बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2026 का जिलाधिकारी एवं कुलपति ने इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल रूम से किया अवलोकन
- जनपद में नकलविहीन,सुचिता और शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत डीएम ने किया बुंदेलखंड विश्वविद्यालय केंद्र का निरीक्षण
- परीक्षा में डुप्लीकेट परीक्षार्थी शामिल ना हो, का निरीक्षण के दौरान लिया गया संज्ञान,कक्ष निरीक्षक को निर्देश कि सख्ती से करें सुनिश्चित



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्रीशिव प्रताप शुक्ल ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बी0एड0 पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2026-28 संयुक्त प्रवेश परीक्षा का किया निरीक्षण, नगर के 12 परीक्षा केंद्रों पर दो पारियों में पूर्वाहन 09:00 से 12:00 तक तथा द्वितीय पाली अपराहन 02.00बजे से 05.00 बजे तक आयोजित हुई परीक्षा।

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश b.ed प्रवेश परीक्षा के सकुशल निर्विघ्न और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री शिव प्रताप शुक्ल ने कुलपति प्रोफेसर मुकेश पांडे सहित बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में बने इंटीग्रेटेड कमांड एंव कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया और जनपद सहित प्रदेश के समस्त परीक्षा केंद्रों में संचालित परीक्षा कक्ष को देखा। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय परीक्षा भवन में बने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनपद में नकल किसी भी दशा में बर्दास्त नही होगी। बी0एड0परीक्षा में डुप्लीकेट परीक्षार्थी किसी भी दशा में शामिल नहीं हो, इसे उन्होंने निरीक्षण के दौरान सुनिश्चित किया। इसकी जानकारी उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक से भी ली। नगर में बी0एड0 पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2026-28 संयुक्त प्रवेश परीक्षा 12 परीक्षा केंद्रों पर संपादित हुई। प्रवेश परीक्षा के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट द्वारा परीक्षा केन्द्र में सीसीटीवी कैमरा वॉइस रिकॉर्डर के साथ,विद्युत व्यवस्था, पेयजल, शौचालय,रैम्प आदि की व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद किया गया। परीक्षा केंद्र पर मोबाइल फोन, एंड्राइड फोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक गजट परीक्षा केंद्र के अंदर पूर्ण प्रतिबंधित रहे। नकल विहीन और स्वच्छता पूर्ण परीक्षा आयोजित कराने के संबंध में परीक्षार्थियों की तलाशी सावधानीपूर्वक ली गई, विशेष रूप से महिला परीक्षार्थियों की तलाशी महिला शिक्षिका द्वारा ही लिए जाने के निर्देश दिए गए थे जिसका अनुपालन किया गया। समस्त परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्ध रहा, इसके अतिरिक्त सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस के उच्च अधिकारियों द्वारा लगातार भ्रमण किया गया। आज बी0एड0 प्रवेश परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र के आस-पास धरना प्रदर्शन, जुलूस, जनसभा का आयोजन तथा लाउडस्पीकर का भी कोई प्रयोग नहीं किया गया, केंद्र के आसपास फोटो स्टेट मशीन बंद रखी गई। परीक्षा के मद्देनजर जनपद झांसी में द0प्र0स0 की धारा-163 प्रभावी रही, सभी अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट द्वारा धारा-163 द0प्र0स0 का अनुपालन सुनिश्चित कराया गया। प्रवेश परीक्षा के दौरान सभी 12 स्टैटिक मजिस्ट्रेट और 06 सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार परीक्षा केंद्रों का भ्रमण करते हुए परीक्षा पूर्ण शांति और शुचिता के साथ संपन्न करायी गई। बीएड पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2026-28 संयुक्त प्रवेश परीक्षा के नोडल अधिकारी एडीएम प्रशासन श्री शिव प्रताप शुक्ल ने बताया कि लिखित प्रवेश परीक्षा नगर में 12 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों संपन्न हुई। प्रथम पाली पूर्वाहन 09:00 से 12:00 तक एवं द्वितीय पाली अपराहन 02:00 से 05:00 तक सकुशल संपन्न हुई। प्रथम पाली में परीक्षा केंद्रों पर 4406 परीक्षार्थी लिखित परीक्षा हेतु पंजीकृत हुए, जिसमें 3781 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, तथा 625 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। इसके साथ ही द्वितीय पाली में भी 4406 परीक्षार्थी लिखित परीक्षा हेतु पंजीकृत हुए, 3781 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे तथा 625 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री शिव प्रताप शुक्ल, प्रोफेसर मुन्नाजी सहित सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट पुलिस विभाग के अधिकारी केंद्र व्यवस्थापक आदि उपस्थित रहे।

# खरका में: आर पी निरंजन ने किया नेत्र शिविर का उद्घाटन



( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।:** ग्राम पंचायत खरका में स्वर्गीय प्यारे राजा बुंदेला (पूर्व जिला पंचायत सदस्य) की पुण्य स्मृति में आयोजित विशाल नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर एवं विधान परिषद निधि द्वारा निर्मित अमर क्रांतिकारी छत्र सिंह बुंदेला स्मृति द्वार के उद्घाटन एम एल सी प्रतिनिधि आर पी निरंजन ने फीता काटकर किया।उद्घाटन के बाद उन्होंने कहा कि ग्राम मे 100 मीटर सीसी एवं गाँव के बाहर प्रतीक्षालय विधान परिषद निधि से निर्माण होगा! एवं क्रांतिकारी के इतिहास को जनता के सामने साझा करके विरता को नमन किया! यह आयोजन समाज सेवा, जनकल्याण एवं अपने महान पूर्वजों के गौरवशाली योगदान को स्मरण करने का एक प्रेरणादायी प्रयास है। नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट के जय प्रकाश चौबे,डॉ राहुल पांडेय, अखिलेश यादव एवं उनकी टीम के द्वारा गाँव मे 100 मरीजों की आँखों की जांच हुई एवं 30 मरीजों को मोतियाबिंद निकला और 45 मरीजों को चश्मा लगे और कुछ को दवा दी गई!!अंत मे कार्यक्रम संयोजक कुँवर अंश सिंह बुंदेला ने आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर एम.एल.सी प्रतिनिधि पुष्पेंद्र पटेल भडोकर, महेशचंद्र बिदुआ, भारत सिंह बुंदेला, अरविंद्र सिंह बुंदेला, अवध किशोर रिछारिया , मूरत पटेल , शत्रुघ्न बुंदेला (मंडल उपाध्यक्ष), छत्रपाल सिंह परमार, पुष्पेंद्र प्रधान गढ़वई, अजय पटेल, प्रदुम पटेल, प्रिंस पठा, रानू महाराज, आशीष ककरवई, भरत बुंदेला (पूर्व प्रधान खरका), अरविंद बुंदेला,श्याम सिंह यादव, नीतू बुंदेला, राणाजी, कुँवर नरेंद्र बुंदेला, कुँवर घनेद बुंदेला, कुँवर यशवंत प्रताप, भान सिंह, छत्रपाल परमार, मंगल परिहार, पं. बृजेश विदुआ, बूथ अध्यक्ष रिंकू गुप्ता,राजबहादुर चौहान, प्रवक्ता शैलू राजा, देवी शरण गुप्ता, करण पाल, लाला राम अहीरवार, अखिलेश बरार, रामाधर यादव जी सहित अनेक क्षेत्रवासी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# लोककल्याणकारी शासिका लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301 वीं जयंती मनाई

( यंग भारत न्यूज )



**समथर।** भगवान शिव की अनन्य भक्त एवं लोककल्याणकारी शासिका लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301 वीं जयंती के पावन अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद एवं बाबा महाकाल सेवा समिति, समथर द्वारा सेवा कार्य का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नगर में निकाली गई शोभायात्रा में सम्मिलित श्रद्धालुओं तथा राहगीरों को भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने हेतु शीतल शरबत का वितरण किया गया। कार्यक्रम में समिति के कार्यकर्ताओं एवं विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई तथा सेवा भाव से लोगों को शरबत पिलाया। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन एवं उनके द्वारा किए गए धर्म, संस्कृति और जनकल्याण के कार्यों को स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज सेवा, धर्म रक्षा और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के माध्यम से उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, नगरवासियों एवं संगठन के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। आयोजन का उद्देश्य लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की पुण्य स्मृति को नमन करते हुए सेवा और जनकल्याण की भावना को आगे बढ़ाना था। इस अवसर पर जिला सहमंत्री विहिप भरत शरण मोनू नगाइच, नगर अध्यक्ष विहिप रोहित सविता, सरनाम कुशवाहा, संजू पंडा, नितिन गुप्ता, चिराग नामदेव, बबलू गुर्जर, शुभम त्रिपाठी, पारस व्यास, आशुतोष व्यास, कपिल कुरचानिया, राहुल रायकवार, रवि पाल बसोबई, चंद्रशेखर बघेल, पहलवान पाल, बड़े पाल, हरिशंकर पाल आदि उपस्थित रहें

# ललितपुर में 'ठग ऑफ सौजना' का पर्दाफाश, असली चांदी बताकर बेचते थे नकली आभूषण, तीन गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )



सौजना थाने की पुलिस ने एक ऐसे संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो भोले-भाले ग्रामीणों को अपना निशाना बनाता था। थाना पुलिस की टीम ने नकली आभूषणों को असली चांदी बताकर बेचने वाले तीन शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी लोगों को झांसे में लेकर उनसे मोटी रकम ऐंठ लेते थे। गिरोह का खुलासा तब हुआ जब ग्राम कोरवांस निवासी सोनू राजा ने पुलिस को सूचना दी कि कुछ लोगों ने उन्हें चांदी के नाम पर नकली आभूषण बेचकर 15,000 रुपये की चपत लगा दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक के निर्देशन में थाना सौजना पुलिस की तीन विशेष टीमें गठित की गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस और तकनीकी डेटा का बारीकी से विश्लेषण किया, जिसके बाद आखिरकार इन ठगों तक पहुँचने में सफ लता मिली।

पूछताछ में खुला ठगी का धंधा

पकड़े गए आरोपियों की पहचान धनीराम निवासी कुम्हेडी, रामचरन निवासी लुहर्रा और रामगोपाल निवासी मैनवार के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने अपना गुनाह कबूलते हुए बताया कि वह बाहर से सस्ती और नकली सफेद धातु के आभूषण पायल, चेन, कमरबंद खरीदकर लाते थे। इसके बाद यह लोग ग्रामीण क्षेत्रों में घूमकर सीधे-साधे लोगों को अपनी बातों में फंसाते और नकली गहनों को असली बताकर बेच देते या गिरवी रख देते थे। ठगी से मिली रकम को ये आरोपी अपने ऐशो-आराम पर खर्च कर देते थे।

बरामदगी और कार्यवाही

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ठगी में इस्तेमाल किए गए नकली आभूषण बरामद किए हैं, जिनमें, 01 कमरबंद (सफेद धातु), 01 गले की चेन (सफेद धातु), 02 जोड़ी पायल (सफेद धातु) शामिल हैं। पुलिस ने इन तीनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें सलाखों के पीछे भेज दिया है।

झांसी से जुड़े तार

इस ऑपरेशन को अंजाम देने वाली टीम का नेतृत्व कर रहे सौजना थानाध्यक्ष सुधाकर पाण्डेय के अनुसार इस संगठित गिरोह के तार झांसी जनपद से भी जुड़े हैं। इनके गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों को भी ट्रेस कर लिया गया है और उनकी सरगर्मी से तलाश जारी है। कार्यवाही में उप निरीक्षक मुलायम सिंह, प्रवीण गिरि, निखिल मलिक और आरक्षी गौरव व शुभम भी शामिल रहे।

# सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक दी गई विदाई एवं शुभकामनाएँ

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** रविवार को पुलिस लाइन सभागार, झाँसी में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण झाँसी डॉ0 श्री अरविन्द कुमार द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारियों को उनके दीर्घ, समर्पित एवं सराहनीय सेवाकाल हेतु सम्मानित करते हुए भावी जीवन के लिए शुभकामनाएँ प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा के दौरान प्राप्त अनुभव, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा समाज एवं विभाग के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगी। सेवानिवृत्ति सेवा का अंत नहीं, बल्कि जीवन के एक नए अध्याय की शुरुआत है।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय जीवन की कामना की तथा उनके द्वारा विभाग को प्रदान की गई उत्कृष्ट सेवाओं की सराहना की।

आज सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारीगण का विवरण निम्नवत् है-

1-उ0नि0 कृष्णमुरारी

2-फायरमैन राजेन्द्र सिंह सेंगर

कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे तथा सभी ने सेवानिवृत्त कार्मिकों को भावभीनी विदाई दी।

# पुण्यश्लोका अहिल्याबाई होलकर जयंती का आयोजन सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )



**झाँसी** ।आज सामाजिक समरसता मंच, झाँसी महानगर के तत्वाधान में अहिल्याबाई होलकर तिराहे (जीवनशाह तिराहे पर अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती का आयोजन प्रात: 8 बजे किया गया। इस अवसर पर मंच के प्रांतीय संयोजक रवि शंकर गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में तथा शिवकुमार भार्गव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सभी उपस्थित अतिथियों, मंच के पदाधिकारियों व अन्य आमंत्रित जनों ने अहिल्याबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया ।

इस अवसर पर प्रांत संयोजक ने अपने उ ?द्बोधन में कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन भारतीय इतिहास का स्वर्णिम पृष्ठ है। उन्होने एक साधारण ग्रामीण परिवार में जन्म लेकर अपनी जीवन यात्रा प्रारम्भ की और अपने कृतित्व एक असाधारण शासनकर्ता व कुशल प्रशासक बनी। उनका तीस वर्ष का शासन काल होल्कर वंश के इतिहास का उत्कृष्ट काल रहा है। किसी ने भी उनके नीति, नियम व निर्णय पर उंगली नहीं उठाई। उनका लोक कल्याणकारी शासन भूमिहीन किसानों, भीलों जैसे जनजातीय समूहों तथा विधवाओं के हितों की रक्षा करने वाला एक आदर्श शासन था ।समाज के सभी वर्गों का सम्मान, सुरक्षा, प्रगति के अवसर देने वाली समरसता की दृष्टि उनके प्रशासन का आधार रही ।लोकमाता का सम्पूर्ण जीवन सादगी सम्पन्न, उज्ज्वल चरित्र, धर्म पारायण, प्रजावत्सलता का अप्रतिम उदाहरण था। वे थीं तो मालवा राज्य की साम्राज्ञी लेकिन उनकी दृष्टि अखिल भारतीय थी इसलिए उन्होने अपने व्यक्तिगत कोष से अधिकांश ज्योतिर्लिंगों, तीर्थ स्थलों, नदियों पर घाटों, धर्मशालाओं, अन्नक्षेत्रों, तालाबों का निर्माण सम्पूर्ण भारतवर्ष में कराया था। अहिल्याबाई के इन्हीं जन हितेशी, धर्मोन्नयन के कार्यों के कारण उन्हें पुण्यश्लोका व लोकमाता कहा जाता है। उनके दिखाये, सादगी, चरित्र्य सम्पन्न जीवन व आध्यात्मिक आदर्शों से हम सभी प्रेरणा ले सकते हैं। मुख्य अतिथि शिव कुमार भार्गव ने उपस्थित लोगों से अपेक्षा व्यक्त की वे लोकमाता के जीवन से प्रेरणा प्राप्त कर वैभव सम्पन्न राष्ट्र बनाने में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर सामाजिक समरसता मंच के विभाग संयोजक सीताशरण तिवारी, झाँसी ग्रामीण के संयोजक मुन्ना लाल विश्वकर्मा, सेवाभारती के प्रांतीय सदस्य मनोज आदि गणमान्य सज्जन उपस्थित थे ।कार्यक्रम के अंत में सामाजिक समरसता मंच के महानगर संयोजक विपिन गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

# भागवत कथा की निकाली भव्य कलश यात्रा

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** ग्राम खड़ौरा में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा की भव्य कलश यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा झुवार के हनुमानजी मंदिर से प्रारंभ होकर गांव में घोड़ा बैंड बाजों के साथ भ्रमण करते हुए हनुमानजी मंदिर पहुंची। सोमवार 1 जून से संगीतमय श्रीमद्भागवत का वाचन सुश्री प्रिंशी अरजरिया करेंगी।रात्रि में रामलीला का मंचन होगा। वहीं ग्राम खेरी में श्री राम जानकी मंदिर पर यज्ञ एवं भागवत कथा का भव्य शोभायात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कथा वाचिका साध्वी पीताम्बरा दीदी ने भागवत की कथा प्रारम्भ करते हुए महात्म्य की कथा सुनाई।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718